सोमवार 01 दिसंबर 2025 ■ मूल्य 3.00 ■ वर्ष 03 ■ अंक 255 ■ पृष्ठ 08

गौतमबुद्ध नगर

JBT

www.thejbt.com

# जनभावना टाइम्स


निष्पक्ष और निर्भीक खबर

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, गौतमबुद्ध नगर, देहरादून, लखनऊ, अलीगढ़, मथुरा, हिसार, कैथल एवं करनाल से प्रकाशित



04 मेसेंजर की अनाम आत्माएं और ... | 07 अभिषेक ने सैयद मुश्ताक अली टी20 में 12 गेंदों में जड़ा... | भाग्यश्री ने नया फिटनेस चैलेंज देकर लोगों... 08

# मन की बात : प्रधानमंत्री ने लोगों को काशी तमिल संगम के लिए किया आमंत्रित



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में लोगों को दो से 15 दिसंबर तक काशी में आयोजित होने वाले चौथे काशी तमिल संगमम में आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि यह संगमम तमिल भाषा और संस्कृति से जुड़े लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बन चुका है।

उन्होंने जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति को तंजावुर की चोलकालीन कला पर आधारित नटराज की कांस्य प्रतिमा भेंट किए जाने का भी कार्यक्रम के दौरान उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के 128वें एपिसोड में कहा कि विश्व की सबसे पुरानी भाषा और विश्व के सबसे प्राचीन शहरों में से एक शहर दोनों का संगम हमेशा अद्भुत होता है। इस बार के काशी-तमिल संगमम की थीम तमिल सिखो (तमिल करकलम्) है। उन्होंने कहा, "आप सभी से आग्रह है कि आप काशी-तमिल संगमम का हिस्सा जरूर बनें। इसके साथ ही ऐसे और भी मंचों के बारे में सोचें, जिनसे 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना मजबूत हो। .. तमिल कलाच्चारम उयर्वानद्, तमिल मोलि उयर्वानद्, तमिल इन्दियाविन पेरूमिदम्।" प्रधानमंत्री ने बौद्ध अवेशेषों को दुनिया के कई देशों में ले जाए जाने को भाव विभोर कर देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि भूटान के लोग भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भेजे जाने को लेकर भारतवासियों का आभार जता रहे थे। ऐसा ही उत्साह कई अन्य देशों में देखने को मिला। पवित्र अवशेषों को रूस के कलमीकिया, मंगोलिया, वियतनाम और थाइलैंड भी ले जाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों के प्रति इस प्रकार का गहरा जुड़ाव देखकर मन भावों से भर उठता है। यह सुनकर बहुत अच्छा लगता है कि कैसे इस तरह की कोई पहल दुनियाभर के लोगों को आपस में जोड़ने का माध्यम बन जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में 'वोकल फॉर लोकल' की भावना तेजी से बढ़ रही है और इसे जनता ने अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। उन्होंने बताया कि जी-20 शिखर सम्मेलन में विदेशी नेताओं को दिए गए उपहारों में भी भारत की विविध शिल्पकला को प्रमुखता दी गई। विभिन्न राज्यों की पारंपरिक कलाओं से बने उपहारों का उद्देश्य भारतीय कारीगरों की प्रतिभा को वैश्विक पहचान दिलाना था।

## भारतीय खेलों के लिहाज से नवंबर महीना रहा सुपरहिट : प्रधानमंत्री मोदी




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में भारतीय खिलाड़ियों द्वारा नवंबर माह में हासिल की गई ऐतिहासिक उपलब्धियों की सराहना की। प्रधानमंत्री के अनुसार इस महीने भारतीय खेल जगत ने कई नए मुकाम हासिल किए, जो हर भारतीय को प्रेरित करते रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 128वें एपिसोड में कहा कि भारतीय खेलों के लिहाज से ये महीना सुपर हिट रहा है। इस महीने की शुरुआत भारतीय महिला टीम द्वारा आईसीसी महिला विश्व कप जीतने से शुरू हुई।

### आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में रचा इतिहास

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इस महीने की शुरुआत में इतिहास रचते हुए आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 का खिताब अपने नाम किया था। दो नवंबर को नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका महिला टीम को 52 रन से हराकर पहली बार आईसीसी महिला विश्व कप की ट्रॉफी जीती।

### दृष्टिबाधित महिला टीम ने जीता दिल

भारतीय दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम ने बीते 23 नवंबर को खेले गए पहले दृष्टिबाधित महिला टी20 क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में नेपाल की टीम को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। श्रीलंका के कोलंबो स्थित पी सारा ओवल मैदान पर खेले गए फाइनल में नेपाल की टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 114 रन बनाए। इसके जवाब में भारत की महिला टीम ने आसानी से 12.1 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 117 रन बनाते हुए जीत दर्ज की। भारतीय बेटियों की इस जीत ने हर देशवाशियों को गर्व से भर दिया।

### कबड्डी में भी जीती ट्रॉफी

भारत की महिला कबड्डी टीम ने भी इतिहास रचते हुए महिला कबड्डी वर्ल्ड कप 2025 का खिताब अपने नाम किया। बांग्लादेश के ढाका में खेले गए फाइनल में चीनी ताइपे को 35-28 से हराकर लगातार भारतीय टीम ने लगातार दूसरी बार कबड्डी विश्व कप खिताब जीता।

## संसद के शीतकालीन सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक

# ठंडे दिमाग से काम करें...: किरेन रिजिजू



**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र से एक दिन पहले हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा की मांग उठाई और इस बात का संकेत दिया कि यदि सरकार उनकी मांग पर सहमत नहीं हुई तो दोनों सदनों में गतिरोध की स्थिति बन सकती है। हालांकि, सरकार ने कहा कि संसद की कार्यवाही अच्छी तरह चलनी चाहिए और वह गतिरोध की स्थिति को टालने के लिए विपक्षी दलों के साथ बातचीत जारी रखेगी।

सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने चुटीले अंदाज में यह भी कहा कि यह शीतकालीन सत्र है और इसमें सबको ठंडे दिमाग से काम करना चाहिए। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों ने सर्वदलीय बैठक में एसआईआर के साथ ही दिल्ली विस्फोट की पृष्ठभूमि में राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया।

### सर्वदलीय बैठक में सरकार ने विपक्ष से की सहयोग की अपील

इसके साथ ही, उन्होंने वायु प्रदूषण, विदेश नीति, किसानों की स्थिति, महंगाई, बेरोजगारी और कुछ अन्य विषयों पर सत्र के दौरान चर्चा कराने का आग्रह किया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा संसद के शीतकालीन सत्र से एक दिन पहले बुलाई गई सर्वदलीय बैठक महज एक औपचारिकता थी। सर्वदलीय बैठक के बाद लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने संवाददाताओं से कहा, ऐसा लगता है कि भाजपा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह नीत सरकार लोकतंत्र, संसदीय परंपरा और मर्यादा को खत्म करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने दावा किया कि सरकार खुद संसद को डिरेल करने (पटरी से उतारने) की कोशिश कर रही है। गोगोई का कहना था, हमने कहा है कि हमें राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा करने की जरूरत है।

दिल्ली में विस्फोट कानून व्यवस्था और गृह मंत्रालय की विफलता का सबूत है, लेकिन ऐसा नहीं लगता कि सरकार इस पर किसी अल्पकालिक चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार के समक्ष वायु प्रदूषण, विदेश नीति, किसानों की स्थिति और प्राकृतिक आपदा से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की मांग की गई है। राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि यदि सरकार एसआईआर पर चर्चा के लिए तैयार नहीं होती है तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि वह संसद नहीं चलने देना चाहती। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने कहा कि यदि एसआईआर पर चर्चा नहीं कराई गई तो संसद में गतिरोध होगा। उन्होंने कहा, हमने एसआईआर का मुद्दा उठाया है क्योंकि बड़े पैमाने पर मैंने अनियमितताएं देखी हैं। लोगों के नाम काटे जा रहे हैं, लोगों के आवेदन में गड़बड़ी की जा रही...बिहार में घपला हुआ है।

### विपक्ष का रहा एसआईआर पर फोकस

विपक्षी दलों ने आज सर्वदलीय बैठक में विशेष रूप से एसआईआर का मुद्दा उठाया। कुछ विपक्षी नेताओं ने इसे संसद में उठाने और सरकार पर दवाब बनाने के लिए मुद्दा बनाने की बात की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में विपक्षी दल कल बैठक करेंगे और आगे की रणनीति तय की जाएगी। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान शीतकालीन सत्र के छोटा होने पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इस सत्र में केवल 15 बैठकें होंगी। यह शायद अब तक का सबसे छोटा सत्र होगा। इससे सरकार की गंभीरता का पता चलता है। सत्र को आयोजित करने में भी अनावश्यक देरी की गई है। इससे प्रतीत होता है कि लोकतंत्र और संसदीय मर्यादा को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि बैठक में विपक्ष ने सुरक्षा का मुद्दा उठाया।

### संसद अच्छी तरह चलनी चाहिए: रीजीजू

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने रविवार को कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र अच्छी तरह चलना चाहिए और सरकार दोनों सदनों में गतिरोध की स्थिति को टालने के लिए विपक्षी दलों के साथ बातचीत जारी रखेगी। सर्वदलीय बैठक के बाद उन्होंने चुटीले अंदाज में यह भी कहा कि यह शीतकालीन सत्र है और इसमें सबको "ठंडे दिमाग से" काम करना चाहिए।

# निर्वाचन आयोग ने सात दिन बढ़ाई SIR की समय सीमा

## 12 राज्यों में वोटर वेरिफिकेशन 11 दिसंबर तक चलेगा




**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के पूरे कार्यक्रम को रविवार को एक सप्ताह के लिए बढ़ा दिया। आयोग ने यह कदम विपक्षी दलों के इन आरोपों के बीच उठाया कि "कम समय-सीमा" लोगों और जमीनी स्तर के चुनाव अधिकारियों के लिए समस्याएं पैदा कर रही है। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि गणना प्रपत्र वितरण अब चार दिसंबर के बजाय 11 दिसंबर तक जारी रहेगा। मसौदा मतदाता सूची अब नौ दिसंबर की जगह 16 दिसंबर को प्रकाशित की जाएगी, जबकि अंतिम मतदाता सूची सात फरवरी के स्थान पर 14 फरवरी 2026 को जारी की जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि आयोग ने उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ आंतरिक चर्चा के आधार पर एसआईआर के सभी चरणों की समय-सीमा बढ़ाने का निर्णय लिया है जहां यह प्रक्रिया जारी है। विपक्षी दलों ने एसआईआर के दौरान कम से कम 40 बूथ-स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) की मौत होने का दावा करते हुए, मतदाता सूची में संशोधन किये जाने के समय पर सवाल उठाया है। उन्होंने दावा किया किया इनमें से ज्यादातार ने "कम समय सीमा" होने के कारण तनाव में आकर आत्महत्या की। हालांकि, निर्वाचन आयोग ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। एसआईआर कार्यक्रम में संशोधन के निर्वाचन आयोग के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह इस बात का संकेत है कि निर्वाचन आयोग को पता था कि समय-सीमा "व्यावहारिक" नहीं थी। एसआईआर कार्यक्रम में बदलाव का फैसला सोमवार से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र की पूर्व संध्या पर लिया गया है। पिछले सत्र में विपक्ष द्वारा एसआईआर पर चर्चा की मांग के कारण संसद की कार्यवाही बार-बार बाधित हुई थी। उस समय बिहार में एसआईआर की कवायद की जा रही थी। सर्वदलीय बैठक से बाहर आते हुए, विपक्षी नेताओं ने सत्र के सुचारू संचालन पर कहा कि वे एसआईआर पर चर्चा के लिए दबाव डालेंगे। निर्वाचन आयोग ने 27 अक्टूबर को इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की घोषणा की थी। लगभग 51 करोड़ मतदाता इस कवायद के दायरे में आएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली: आईएसआई से जुड़े तीन आतंकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े एक खतरनाक टेरर मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी पाकिस्तान में बैठे कुख्यात गैंगस्टर-शहजाद भट्टी के सीधे संपर्क में थे। सभी गिरफ्तार आरोपी उत्तर भारत के अलग-अलग राज्यों के रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि आतंकी दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई शहरों में बड़े आतंकी हमले की फिराक में थे। इनके निशाने पर खास तौर पर दिल्ली में बड़े धार्मिक स्थल, भीड़भाड़ वाले बाजार और वीआईपी इलाके थे। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल पूरे मामले को गंभीरता से ले रही है और आगे की जांच जारी है। इससे पहले पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी का नाम हाल ही में अनमोल बिश्नोई मामले में सामने आया था। ▸▸ विस्तृत खबर दिल्ली पेज पर

### महाराष्ट्र: एक ही परिवार के चार लोगों ने की आत्महत्या

**मुंबई।** नासिक जिले के देवला तहसील के फुले मालीवाड़ा में रविवार को सुबह एक ही परिवार के चार लोगों ने व्हाट्सएप पर पोस्ट लिखकर आत्महत्या कर ली। इस घटना की जानकारी मिलते ही देवला पुलिस स्टेशन की टीम फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची और छानबीन कर शुरू कर दी । घटना की जांच कर रहे पुलिस निरीक्षक सार्थक नेहते के अनुसार आज सुबह मालवाड़ी इलाके में एक ही परिवार के चार लोगों की आत्महत्या की खबर मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने चारों शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना में पुलिस अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है, फोरेंसिक टीम मौके पर जांच कर रही है। मरने वालों में पति, पत्नी और उनके दो नाबालिग बच्चे शामिल हैं। मृतकों की पहचान गोविंद बालू शेवाले , उनकी पत्नी कोमल गोविंद शेवाले, बेटी खुशी गोविंद शेवाले और डेढ़ साल का बेटा श्याम गोविंद शेवाले के रुप में की गई है। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि गोविंद बालू शेवाले ने आज सुबह ही व्हाट्सएप पर आत्महत्या का मैसेज पोस्ट किया था, जिससे शेवाले के रिश्तेदारों ने इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दी और मौके पर पहुंचे।

# 'ऑपरेशन सागर बंधु': कोलंबो में एक और सी-130जे तैनात

## एमआई-17 हेलीकॉप्टर भी शामिल


**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना ने 'ऑपरेशन सागर बंधु' के तहत श्रीलंका को दी जा रही मानवीय सहायता के तहत एक और सी-130जे परिवहन विमान तैनात किया है तथा त्वरित राहत कार्यों के लिए कोलंबो में एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर को सेवा में लगाया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। भारतीय वायुसेना ने चक्रवात 'दित्वा' के मद्देनजर संकट की इस घड़ी में श्रीलंका की सहायता के लिए अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। चक्रवात ने श्रीलंका में भारी तबाही मचाई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह विमान 'ऑपरेशन सागर बंधु' के तहत तैनात राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम के लिए उपकरण लेकर रविवार को कोलंबो में उतरा। अधिकारी ने बताया कि इस परिवहन विमान का इस्तेमाल अब श्रीलंका में फंसे भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए किया जाएगा। भारतीय वायुसेना ने रविवार को अपने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अभियान से संबंधित अद्यतन जानकारी भी साझा की। वायुसेना ने कहा, "ऑपरेशन सागरबंधु के तहत भारतीय वायुसेना ने श्रीलंका में राहत प्रयासों के रूप में कोलंबो में एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर तैनात किए हैं।" पोस्ट में कहा गया कि भारतीय वायुसेना के परिवहन विमानों को भारतीय नागरिकों की "बड़े पैमाने पर निकासी" के लिए चिह्नित किया गया है।




# मुरादाबाद में बस ने टेम्पो को टक्कर मारी, परिवार के छह सदस्यों की मौत

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में रविवार को तेज रफ्तार एक रोडवेज बस ने एक टेम्पो को टक्कर मार दी, जिससे एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कि यह हादसा रफतपुर अंडरपास के पास 'जीरो पॉइंट' पर उस समय हुआ, जब बस ने पीछे से टेम्पो को टक्कर मारी। पुलिस के मुताबिक, हादसे में संजू (30), सुमन (30), सीमा (35), आरती (20), अमन (15) और अनन्या (12) की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सभी कुंदरकी थाना क्षेत्र के अब्दुल्लापुर के रहने वाले थे और रफतपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि घायल हुए पांच लोगों (करण सिंह, रानी, झलक, अंशु और अनुष्का) की हालत गंभीर है और जिला अस्पताल में उनका उपचार जारी है। अपर पुलिस अधीक्षक कुंवर रणविजय सिंह ने बताया कि सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया।

# बिहार: बेकाबू ट्रक ने 8 बाईक और एक ई-रिक्शा को रौदा, 5 की मौत



**पटना।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के कोटवा थाना क्षेत्र में दीपउ मोड़ के पास रविवार को एक बेकाबू ट्रक ने सड़क किनारे खड़े पांच लोगों को रौंद दिया है। सभी की मौके पर ही मौत हो गई है। नेशनल हाइवे-27 के पर हुए हादसे बाद गुस्साए लोगों ने हंगामा किया और राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया। इस घटना के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने शवों को सड़क पर रखकर सड़क को दोनों तरफ जाम कर दिया।

सूचना मिलते ही कोटवा थाना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। जाम खुलवाने की कोशिश की जा रही है। मृतकों की अभी आधिकारिक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस और स्थानीय लोग पहचान करने में जुटे हैं। इस घटना से पूरे इलाके में आक्रोश फ़ैल गया है। पुलिस के अनुसार, हादसे में करीब 12 लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल भेजा गया है। कई की हालत नाज़ुक बताई जा रही है। लोग ट्रक चालक की गिरफ्तारी और पीड़ितों के परिजनों को मुआवज़े की मांग कर रहे हैं। भीड़ पुलिस के खिलाफ नारेबाज़ी भी कर रही है।

सूचना पर कोटवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन भीड़ के भारी प्रतिरोध के कारण स्थिति नियंत्रित करने में कठिनाई हो रही है। हाईवे पर अफरा-तफरी और जाम की लंबी लाइनें लग गई हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने हाईवे पर पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती कर दी है।

# नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ नई FIR

## आपराधिक साजिश का आरोप, कांग्रेस ने कहा- मामला झूठा और निराधार



**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले ने एक बार फिर राजनीतिक हलचल मचा दी है। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज कर ली है। इसमें आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और विश्वासघात जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

एफआईआर संख्या 0124/2025 के तहत कुल नौ आरोपी बनाए गए हैं, जिनमें छह व्यक्ति और तीन कंपनियां शामिल हैं। यह कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की 3 अक्टूबर 2025 की शिकायत पर आधारित है, जिसमें पीएमएलए की धारा 66(2) के तहत अनुसूचित अपराध दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। कांग्रेस से जुड़ी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) कंपनी की लगभग 2,000 करोड़ रुपए कीमत वाली संपत्तियों पर धोखाधड़ी से कब्जा करने की साजिश रची गई। एजेएल नेशनल हेराल्ड अखबार की प्रकाशक कंपनी है, जो 2008 में वित्तीय संकट के कारण बंद हो गया था। उस समय एजेएल पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) का 90.21 करोड़ रुपए का ब्याज रहित ऋण बकाया था। आरोप है कि 2010 में गठित यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के जरिए इस ऋण को मात्र 50 लाख रुपए में खरीद लिया गया। यंग इंडियन में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के पास संयुक्त रूप से 76 प्रतिशत शेयर हैं, जिससे वे इसकी लाभार्थी मालिक बने। ईडी की जांच रिपोर्ट में विस्तार से बताया गया है कि यंग इंडियन को 'स्पेशल पर्पस व्हीकल' के रूप में बनाया गया, जो सार्वजनिक धन को निजी हितों में बदलने का माध्यम बना।

वहीं इस मामले पर एक्स पोस्ट करते हुए कांग्रेस सांसद जयराम रमेश लिका, "मोदी-शाह की जोड़ी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ लगातार डराने-धमकाने और राजनीतिक प्रतिशोध की राजनीति कर रही है। जो खुद असुरक्षित और भयभीत होते हैं, वही दूसरों को डराने की कोशिश करते हैं।" जयराम ने दावा किया कि नेशनल हेराल्ड मामला पूरी तरह से झूठा और निराधार है। साथ ही कहा की आखिर में न्याय की ही जीत होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### वसंत कुंज में मर्सिडीज की टक्कर से 1 की मौत, दो घायल

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में एंबियंस मॉल के पास रविवार तड़के एक तेज रफ्तार मर्सिडीज कार ने तीन लोगों को टक्कर मार दी। इस घटना में गंभीर रूप से घायल एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वसंत कुंज नॉर्थ थाना पुलिस ने कार ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने बताया कि रविवार तड़के करीब 2:30 बजे वसंत कुंज नॉर्थ थाने को रोड एक्सीडेंट के बारे में एक पीसीआर कॉल मिली। पुलिस स्टाफ तुरंत घटनास्थल वसंत विहार में नेल्सन मंडेला मार्ग पर एंबियंस मॉल के सामने पहुंचा। पुलिस टीम को वहां हिमाचल नंबर HP 11D 0060 की एक मर्सिडीज G63 कार क्षतिग्रस्त हालत में मिली। इसके साथ ही तीन लोग मौके पर घायल पड़े मिले। इनमें से दो लोगों की उम्र 23 साल और एक की उम्र 35 साल है। सभी एंबियंस मॉल के एक रेस्टोरेंट के कर्मचारी हैं। तीनों घायलों को तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के दौरान उत्तराखंड के चमोली जिले के रहने वाले 23 साल के रोहित को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो अन्य का अब भी इलाज चल रहा है। मर्सिडीज कार के ड्राइवर की पहचान दिल्ली के करोल बाग निवासी 29 वर्षीय शिवम के तौर पर हुई है। घटना के समय वह अपनी पत्नी और बड़े भाई के साथ गाड़ी चला रहा था। पुलिस शुरुआती जांच के मुताबिक, गाड़ी का बैलेंस बिगड़ गया, जिससे कार एक खंभे से टकरा गई, जहां तीनों पीड़ित एक ऑटो स्टैंड पर खड़े थे। बताया जा रहा है कि आरोपी एक शादी में शामिल होकर घर लौट रहा था। कार अभिषेक की है, जो शिवम का दोस्त है। कानून के मुताबिक जरूरी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### मानसरोवर पार्क थाने के पास नाबालिग की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शाहदरा के मानसरोवर पार्क थाने के पास स्थित समुदाय भवन के बाहर शनिवार रात एक नाबालिग की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात एक शादी समारोह से जुड़ी हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान साहिल (17) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच के अनुसार साहिल शादी समारोह में या तो खाना खाने पहुंचा था या फिर घुड़चढ़ी के दौरान रुपए लूटने की नीयत से पहुंचा था, लेकिन उसी दौरान उसे गोली मार दी गई। फायरिंग की सूचना पर पहुंची पुलिस ने साहिल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने साहिल को मृत घोषित कर दिया। शव को गुरु तेग बहादुर अस्पताल के मोर्चरी में रखा गया है। पुलिस ने इलाके के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं। घटना की हर एंगल से गहनता से जांच की जा रही है। एक पुलिस अधिकारी ने पत्रकारों को बताया, “गोली लगने की सूचना पर मौके पर पुलिस टीम पहुंची। नाबालिग को गोली मारी गई है, जिसकी उम्र 17 साल है। लड़के की मौत हो गई। गोली मारने की वजहों की अभी पूरी जानकारी नहीं मिली है। शुरुआती जांच में पता चला है कि एक शादी समारोह में कुछ लोग आए हुए थे, जिनका लड़के के साथ कुछ झगड़ा हुआ। इस दौरान ही लड़के को गोली मारी गई है।”

### दिल्ली पुलिस ने नवीन खाती गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया, अवैध पिस्तौल बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने जमीन हड़पने के मामले में वांछित नवीन खाती गिरोह के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आरोपी वरुण भारद्वाज उर्फ मन्नू पंडित (39) डाबरी थाने में दर्ज जमीन हड़पने के बड़े मामले में वांछित था और उसके खिलाफ दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज हैं। अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बृहस्पतिवार-शुक्रवार की मध्यरात्रि तिलक विहार में सीआरपीएफ स्कूल के निकट आरोपी को रोका। उन्होंने कहा कि तलाशी के दौरान उसके पास से देसी पिस्तौल और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने कहा कि 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई कर चुका भारद्वाज हत्या के मामले में सात साल जेल में रह चुका है और 2021 में रिहाई के बाद वह फिर से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हो गया।

### व्यक्ति को चाकू मारने के आरोप में पुलिस ने तीन नाबालिगों समेत 4 को पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पूर्वी दिल्ली के विनोद नगर इलाके में एक व्यक्ति पर चाकू से हमला करने के आरोप में 18 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया है और तीन नाबालिगों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना 27 नवंबर को हुई, जब चार हमलावरों ने व्यक्तिगत विवाद के बाद पीड़ित पर हमला किया। उन्होंने बताया कि घायल को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी पीठ के निचले हिस्से और हाथ पर चाकू के घाव पाए। उन्होंने बताया कि पीड़ित के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस के एक दल ने शनिवार रात मुख्य आरोपी सनी उर्फ तनिश को गिरफ्तार कर लिया और हमले में शामिल तीन किशोरों को भी पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने हमले में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। पुलिस के मुताबिक, यह हमला पीड़ित और आरोपी समूह के बीच आपसी विवाद व पुरानी रंजिश के चलते हुआ है। पुलिस ने बताया कि आगे की जांच जारी है।

### ICAI के वर्ल्ड फोरम ऑफ अकाउंटेंट्स में नामांकन शुरू

**नई दिल्ली।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने वर्ल्ड फोरम ऑफ अकाउंटेंट्स के लिए नामांकन शुरू हो गया है। यह वैश्विक कार्यक्रम 30 जनवरी से 1 फरवरी, 2026 तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित होगा। आयोजन का उद्देश्य अकाउंटिंग पेशे में वैश्विक सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देना है। अभ्यर्थी इस लिंक https://wofa.icai.org/register के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

# दिल्ली: आईएसआई से जुड़े तीन आतंकी गिरफ्तार

## पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर से जुड़े तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक अंतरराष्ट्रीय आतंकी मॉड्यूल का खुलासा करते हुए तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। स्पेशल सेल की जांच में सामने आया है कि यह नेटवर्क पाकिस्तान में बैठे शहजाद भट्टी के निर्देशन में काम कर रहा था, जो वहां की खुफिया एजेंसी के इशारे पर भारत में हमलों की साजिशें रच रहा था। स्पेशल सेल के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद कुमार कुशवाहा ने रविवार को पुलिस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता कर बताया कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है जिसे एक पाकिस्तानी नागरिक शहजाद भट्टी लीड कर रहा था। शहजाद भट्टी एक गैंगस्टर है जो अभी पाकिस्तान की इंटेलिजेंस एजेंसी के इशारे पर काम कर रहा है। उक्त मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनमें से एक पंजाब का हरगुनप्रीत सिंह है। दूसरा विकास प्रजापति है जो मध्य प्रदेश के दतिया का है और तीसरा आरिफ है जो उत्तर प्रदेश के बिजनौर का रहने वाला है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि हाल ही में 25 तारीख को गुरदासपुर सिटी पुलिस स्टेशन के सामने एक हैंड ग्रेनेड फेंका गया था, यही लड़के उस घटना में शामिल थे। इसके अलावा, स्पेशल सेल की जांच में यह भी पता चला है कि यह मॉड्यूल देश के कई अन्य संवेदनशील स्थानों पर हमले की तैयारी कर चुका था। आरोपितों ने कई जगहों की रेकी की थी और वहां की वीडियोग्राफी भी की थी, ताकि आगे ग्रेनेड हमलों को अंजाम दिया जा सके। शहजाद भट्टी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और अपने अन्य संपर्कों के जरिए युवाओं को बहला-फुसलाकर इस नेटवर्क में शामिल कर रहा था। विदेश में बैठकर वह सीधे इस ग्रुप से संपर्क में रहता था और आतंकवादी गतिविधियों को संचालित करता था। स्पेशल सेल के अनुसार, इस मॉड्यूल से जुड़े एक-दो और लिंक की पहचान हुई है, जिन्हें पंजाब पुलिस के साथ साझा किया जा रहा है। आगे की कार्रवाई में उन लोगों की भी गिरफ्तारी की जाएगी। आरोपित विकास प्रजापति के पास से एक पिस्तौल और कारतूस बरामद हुआ है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि इस कार्रवाई से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी नेटवर्क पर बड़ी चोट लगी है और कई संभावित हमलों को समय रहते रोकने में सफलता मिली है।

### पकड़े गए आरोपी

- विकास प्रजापति उर्फ बेटू (19), निवासी दतिया, मध्य प्रदेश।
- हरगुनप्रीत सिंह उर्फ गुरकरनप्रीत (19), निवासी फिरोजपुर, पंजाब।
- आसिफ उर्फ आरिश (22), निवासी बिजनौर, उत्तर प्रदेश

पुलिस ने इनके कब्जे से एक सेमी-ऑटोमेटिक पिस्टल, 10 जिंदा कारतूस और मोबाइल फोन बरामद किया है, जिनमें पाकिस्तान आधारित मॉड्यूल से जुड़े चैट और रेकी वीडियो मिले हैं।

### गुरदासपुर पुलिस स्टेशन पर ग्रेनेड अटैक से जुड़ा था मॉड्यूल

स्पेशल सेल ने खुलासा किया कि यह मॉड्यूल 25 नवंबर को गुरदासपुर सिटी पुलिस स्टेशन के बाहर हुए ग्रेनेड हमले में शामिल था। यह हमला पाकिस्तान के शार्प हैंडलिंग और सोशल मीडिया के जरिए बनाए गए नेटवर्क के आधार पर किया गया था।

### ऐसे हुआ बेनकाब-

पुलिस अधिकारी के अनुसार स्पेशल सेल पिछले कई महीनों से पाकिस्तान-आधारित हैंडलर शाहजाद भट्टी की गतिविधियों पर गुप्त निगरानी रख रही थी। जांच में पता चला कि विकास उससे नियमित तौर पर सोशल मीडिया पर संपर्क में था और हथियार तस्करी में भी शामिल था। लगातार 48 घंटे तक चलाए गए ऑपरेशन के बाद उसे मध्य प्रदेश के इंदरगढ़ से पकड़ा गया। आगे पूछताछ में खुलासा हुआ कि मॉड्यूल पैसा दिखाकर युवाओं को अपने जाल में फंसाता था। इसके लिए सोशल मीडिया प्रोफाइल देखकर भर्ती की जाती थी। इतना ही नहीं पाकिस्तान से पूरी योजना—रेकी, फंडिंग, लॉजिस्टिक्स और टारगेट—रीमोटली कंट्रोल भी किया जाता था। इसके अलावा भारत में ₹फुट सोल्जर₹ के रूप में युवा लड़कों का इस्तेमाल किया जाता था।

### किन-किन आरोपितों का क्या रोल था

पुलिस अधिकारी के अनुसार पकड़ा गया विकास प्रजापति उर्फ बेटू शाहज़ाद भट्टी से इंस्टाग्राम के जरिए जुड़ा। पैसे के लालच में हथियार तस्करी में उतरा। भट्टी ने उसे गुरदासपुर भेजकर एक पार्सल (ग्रेनेड) मंगवाया और वीडियो कॉल पर उसे चलाने का तरीका बताया। विकास ने पुलिस स्टेशनों की रेकी कर वीडियो भेजे और बाद में ग्रेनेड हरगुनप्रीत को सौंप दिया। वहीं पकड़ा गया हरगुनप्रीत सिंह उर्फ गुरकरनप्रीत पंजाब निवासी है। यह भी पैसे के लालच में मॉड्यूल से जुड़ा है। 25 नवंबर को उसने बाइक सवार साथी के साथ गुरदासपुर पुलिस स्टेशन के बाहर ग्रेनेड फेंककर हमला अंजाम दिया। इसके अलावा आसिफ उर्फ आरिश इंस्टाग्राम के जरिए भट्टी से जुड़ा। उसे भी पंजाब में ग्रेनेड अटैक करने का टास्क मिला था और वह आगे के निर्देशों का इंतजार कर रहा था।

## दिल्ली : आली विहार में पीठ में चाकू घोंपने वाला शातिर अपराधी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने आली विहार के कुख्यात अपराधी विजय शर्मा उर्फ बॉबी पंडित (23) को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। बॉबी पिछले दो महीने से फरार था। उस पर 28-29 सितंबर 2025 की रात सरिता विहार थाना क्षेत्र के आली विहार में रामलीला देखकर लौट रहे युवक आदित्य सिंह की पीठ में चाकू घोंपने का आरोप है। घटना उस वक्त हुई जब रामलीला मंचन के दौरान स्टेज पर झगड़ा हो गया था। बाद में आदित्य घर लौट रहा था तभी बॉबी ने शक के आधार पर पीछे से आकर उसकी पीठ के निचले हिस्से में चाकू मारा। गंभीर रूप से घायल आदित्य का इलाज हुआ और सरिता विहार थाने में एफआईआर नंबर 719/2025 धारा 126(2)/118(1) बीएनएस के तहत केस दर्ज हुआ। हमला करने के तुरंत बाद बॉबी फरार हो गया था। क्राइम ब्रांच की आरके पुरम यूनिट को जब यह केस सौंपा गया तो इंस्पेक्टर रामपाल के नेतृत्व में एसआई प्रमोद, अमित, हेमंत कुमार, मुकेश सिंह और अन्य अधिकारियों की टीम ने लगातार सर्विलांस और खुफिया इनपुट के आधार पर 28 नवंबर को आली विहार में दबिश देकर उसे दबोच लिया। पूछताछ में बॉबी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। चौंकाने वाली बात यह है कि 23 साल का यह ग्रेजुएट युवक, जो एक सर्विस स्टेशन में नौकरी करता है, पहले से ही दिल्ली पुलिस के रिकॉर्ड में शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ लूट, चोरी और घर में घुसकर डकैती के कुल 11 मामले दर्ज हैं, जिनमें ज्यादातर सरिता विहार थाने के ही हैं। कुछ मामले तो इस साल के ही हैं। आरोपी की गिरफ्तारी पर डीसीपी क्राइम पंकज कुमार ने बताया कि क्राइम ब्रांच लगातार वांटेड और खतरनाक अपराधियों पर शिकंजा कस रही है। बॉबी जैसे आदतन अपराधियों की गिरफ्तारी से इलाके में राहत की लहर है। पुलिस ने बताया कि बॉबी गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार ठिकाना बदलता था और मोबाइल भी बंद रखता था। फिलहाल उसे कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया जा रहा है।

## घर से बाहर गए थे लोग, वरना पूरा परिवार चढ़ जाता आग की भेंट

**नई दिल्ली।** तिगड़ी एक्सटेंशन की शांत गली में शनिवार शाम चार मंजिला मकान के भूतल पर स्थित जूते की दुकान में लगी आग ने देखते ही देखते पूरे परिवार की खुशियां छीन लीं। हादसे में दुकान मालिक 38 वर्षीय सत्येंद्र उर्फ जिम्मी, 40 वर्षीय अनीता और दो अज्ञात खरीदारों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं ममता बुरी तरह से झुलस गई है। वह अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। दुर्घटना के समय घर में मौजूद अधिकांश सदस्य किसी न किसी काम से बाहर गए हुए थे, वरना हादसा और ज्यादा भयानक हो सकता था। मृतक सत्येंद्र की पत्नी प्रियंका बच्चों को ट्यूशन से लेने निकली थीं, जबकि उनकी मां मिथिलेस घर के बाहर बैठी थीं। भाई जितेंद्र किसी काम से मोहल्ले में निकला था। अनीता के दोनों बच्चे भी ट्यूशन गए हुए थे। इससे केवल दुकान में मौजूद तीन लोग और दूसरे तल पर मौजूद अनीता व ममता ही आग की चपेट में आईं। सत्येंद्र उर्फ जिम्मी पिछले 30 साल से तिगड़ी एक्सटेंशन में परिवार के साथ रह रहे थे। उनके परिवार में पत्नी प्रियंका, दो छोटे बच्चे, मां मिथिलेस और भाई जितेंद्र हैं। ये लोग प्रथम तल पर रहते हैं और भूतल पर इनकी दुकान है। दूसरे तल पर अनीता अपने दो बच्चों के साथ किराए पर रहती हैं। पारिवारिक विवाद के चलते उनका पति यहां नहीं रहता है। हादसे में उनकी बहन ममता गंभीर रूप से घायल हो गईं जो आगरा से घूमने आई थीं। पुलिस फिलहाल इमारत की संरचना, दुकान की सुरक्षा व्यवस्था और आग के फैलने के कारणों की वैज्ञानिक जांच कर रही है। दो अज्ञात खरीदारों की पहचान भी बड़ी चुनौती है। अवैध पेट्रोल रखे होने की बात सिर्फ अफवाह मृतक सत्येंद्र के मौसा मनीष ने बताया कि अवैध पेट्रोल रखे होने की बात पूरी तरह से अफवाह है। आग की शुरुआत भूतल पर रखे पुराने रेफ्रिजरेटर में हुए शॉर्ट सर्किट से हुई।

## दिल्ली के लाहौरी गेट में नकली सिगरेट का बड़ा भंडाफोड़, 3.50 लाख से अधिक सिगरेट स्टिक बरामद, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले के लाहौरी गेट इलाके में जिले की डीआईयू टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो ठिकानों से करीब 3.50 लाख नकली सिगरेट स्टिक बरामद की हैं।

पुलिस टीम ने इस संबंध में दो आरोपित रामजीत उर्फ विजय और अंकित को मौके से ही गिरफ्तार किया। यह लोग नामी ब्रांड-गोल्ड फ्लेक, मार्लबोरो, मैनचेस्टर, बेंसन एंड हेजेस, फोर स्क्वॉयर, कैवेंडर्स और अमेरिकन टोबैको की नकली सिगरेट को असली बताकर बेच रहे थे। उत्तरी जिले के पुलिस उपायुक्त राजा बंथिया ने रविवार सुबह बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एसआई देवेंद्र अंटिल और एसआई प्रभास कुमार की टीम ने कई दिनों तक सादी वर्दी में रेकी कर पुख्ता जानकारी जुटाई। खुफिया जानकारी की पुष्टि के बाद पुलिस ने कुचा शिव मंदिर, नया बांस स्थित दो घरों में पर छापा मारकर भारी मात्रा में अवैध स्टॉक जब्त किया। पुलिस ने मौके से 10 से अधिक बोरियों में पैक हजारों स्टिक बरामद कीं। जिनमें गोल्ड फ्लेक की 24,800, मार्लबोरो की 1,02,000 और मैनचेस्टर यू.के. की 70,000 स्टिक शामिल हैं। छापेमारी के दौरान फोर स्क्वॉयर, बेंसन एंड हेजेस, कैवेंडर्स, ऐसा लाइट, पेरिस, विन, मोंड एप्पल, डीजे रम ब्लैक, पाइन और गोदाम ग्राम जैसी ब्रांडिंग वाले नकली पैकेट भी पुलिस को मिले।

## शादी समारोह के दौरान फायरिंग, किशोर की मौत

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के मानसरोवर पार्क इलाके में शादी समारोह के दौरान फायरिंग की घटना में 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। घटना शनिवार देर रात कम्युनिटी सेंटर, डीडीए मार्केट के पास हुई, जहां से एक बारात गुजर रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्राइम टीम को बुलाया गया। जांच में पता चला कि न्यू मॉडर्न शाहदरा का रहने वाला 17 वर्षीय किशोर बारात के दौरान हुए झगड़े में गोली लगने से घायल हो गया। उसे तुरंत हेडगेवार अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपित की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित सीआईएसएफ में हेड कॉन्स्टेबल है और वर्तमान में कानपुर उप्र में तैनात है। पुलिस ने उसके कब्जे से पिस्टल बरामद की है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि मौके पर आरोपित और किशोर के बीच अचानक विवाद हुआ, जिसके दौरान फायरिंग की घटना हो गई। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

## दिल्ली पुलिस ने दिया 350 से अधिक अधिकारियों को उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण

नयी दिल्ली, 30 नवंबर (भाषा) दिल्ली पुलिस ने 350 से अधिक अधिकारियों को विभिन्न राष्ट्रीय और आंतरिक तकनीकी प्रशिक्षण देने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस मुख्यालय के आदर्श सभागार में शनिवार को आयोजित यह सत्र पुलिस प्रमुख सतीश गोलचा की देखरेख में आयोजित किया गया। दिल्ली पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, ‘‘पुलिस बल की विभिन्न इकाइयों से कुल 310 निरीक्षकों और 41 सहायक पुलिस आयुक्तों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य पुलिस बल की तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करना है, ताकि अधिकारियों को जांच, निगरानी और डेटा-संचालित कार्यों के लिए उन्नत तकनीक के उपयोग में व्यावहारिक कौशल से लैस किया जा सके।’’ कार्यक्रम के दौरान, अधिकारियों को अपराध कुंडली, 'अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम' (सीसीटीएनएस), 'राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली' (एनएएफआईएस), 'केंद्रीय उपकरण पहचान रजिस्टर' (सीईआईआर), 'राष्ट्रीय खुफिया ग्रिड' (एनएटीग्रिड), 'मानस पोर्टल' और कई अन्य तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जटिल, अंतर-राज्यीय और साइबर-अपराधों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग आवश्यक होता जा रहा है। इस दौरान, पुलिस के कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## राजधानी की 35 सड़कों पर है सबसे ज्यादा धूल

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की 35 सड़कों पर सबसे ज्यादा धूल मौजूद है। वाहनों की गति के साथ यह धूल उड़ती है और दिल्ली में प्रदूषण स्तर को बढ़ा देती है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा गठित उड़नदस्ते ने 321 सड़कों के निरीक्षण के बाद इन धूल वाली सड़कों की अलग से पहचान की है। आयोग के मुताबिक इनमें से ज्यादा सड़कें दिल्ली नगर निगम के अंतर्गत आती हैं। दिल्ली में सड़कों पर उड़ने वाली धूल एक बड़ी समस्या है। सड़क के किनारे धूल की बड़ी मात्रा एकत्रित हो जाती है। सड़कों के बीच स्थित सेंट्रल वर्ज के पक्का या हरियाली भरा नहीं होने पर भी वहां से भी धूल उड़ती है। टूटे फुटपाथ और गड्ढेवाली सड़कों पर भी धूल जमा हो जाती है। यह धूल वाहनों के पहिए के साथ लिपटकर उड़ती है और पूरे वातावरण में भर जाती है।

## रेड लाइन कॉरिडोर के नीचे मेट्रो सुरंग का काम पूरा

**नई दिल्ली।** पुल बंगश के पास वर्तमान रेड लाइन (रिठाला-शहीद स्थल नया बस अड्डा गाजियाबाद) के एलिवेटेड मेट्रो कॉरिडोर के पिलर के नीचे मेट्रो सुरंग का निर्माण पूरा हो गया है। यह भूमिगत कॉरिडोर फेज चार के जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम कॉरिडोर का हिस्सा होगा। दिल्ली मेट्रो रेल निगम का कहना है कि रेड लाइन पर मेट्रो का परिचालन एक दिन भी बंद किए बगैर फेज चार के भूमिगत कॉरिडोर के लिए पुल बंगश से सदर बाजार तक सुरंग का निर्माण पूरा किया गया। डीएमआरसी का कहना है कि यह काम बेहद कठिन था। इसके निर्माण के दौरान रेड लाइन पर एक भी दिन मेट्रो का परिचालन नहीं रुका। एलिवेटेड कॉरिडोर के नीचे टनल बोरिंग मशीन से बेहद सतर्कता के साथ मेट्रो की सुरंग का निर्माण किया गया। इस जगह पर रेड लाइन के एलिवेटेड वायाडक्ट के पिलरों की नींव है। ऐसे में पिलर के नीचे सुरंग बनाने के लिए टीवीएम से खुदाई पर मेट्रो का पिलर में कंपन होने का खतरा था।

## नवंबर महीने में दिल्ली ने ली प्रदूषित हवा में सांस

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के लोगों ने पूरे नवंबर महीने में प्रदूषित हवा में सांस ली। इस दौरान एक दिन भी ऐसा नहीं रहा जब वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 के नीचे आया हो। सीपीसीबी के आंकड़े बताते हैं कि इस बार नवंबर के तीस दिनों में से तीन दिन ऐसे रहे हैं जब वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में रही। इन तीन दिनों में सूचकांक 400 के पार यानी गंभीर श्रेणी में पहुंच गया।

वहीं, 24 दिन दिल्ली की हवा अति खराब श्रेणी में रही। खासतौर पर सुबह और रात के समय लोगों को ज्यादा प्रदूषण का सामना करना पड़ा। दो दिन से दिल्ली की हवा में सुधार दिल्ली की हवा में बीते दो दिनों में हल्का सुधार देखने को मिला है। सीपीसीबी के मुताबिक, रविवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 279 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को खराब श्रेणी में रखा जाता है। पांच नवंबर के बाद यह पहली बार है जब वायु गुणवत्ता का स्तर 300 से नीचे आया है। एक दिन पहले शनिवार को यह सूचकांक 305 अंक पर रहा था। अभी भी मानकों से दोगुना प्रदूषणः दिल्ली की हवा में अभी भी मानकों से दोगुना प्रदूषण मौजूद है। सीपीसीबी के मुताबिक शाम के तीन बजे दिल्ली-एनसीआर की हवा में पीएम 10 का स्तर 223 और पीएम 2.5 का स्तर 118 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर रहा। मानकों के मुताबिक हवा में पीएम 10 का स्तर 100 से और पीएम 2.5 का स्तर 60 से कम होने पर ही उसे स्वास्थ्यकारी माना जाता है। अभी साफ नहीं होगी दिल्ली की हवा राजधानी दिल्ली के लोगों को अभी प्रदूषित हवा में ही सांस लेना होगा। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के मुताबिक अगले तीन-चार दिनों के अंदर दिल्ली में हवा की गति आमतौर पर दस किलोमीटर प्रति घंटे से कम रहेगी। इसके चलते प्रदूषक कणों का विसर्जन भी धीमा होगा। अभी दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक अति खराब श्रेणी में ही रहने की संभावना है।

## दिल्ली एमसीडी उपचुनाव: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया मतदान, भाजपा का दावा- सभी 12 सीटें जीतेंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के 12 वार्डों में हो रहे उपचुनाव में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत भाजपा के कई नेताओं ने मतदान किया। वेस्ट दिल्ली की सांसद कमलजीत सहरावत और द्वारका-बी वार्ड से भाजपा उम्मीदवार मनीषा राजपाल सहरावत ने पोलिंग बूथ पर जाकर अपना वोट डाला। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को अपने पति मनीष गुप्ता और परिवार के दूसरे सदस्यों के साथ शालीमार बाग क्षेत्र में एक पोलिंग बूथ पर जाकर अपना वोट डाला। शालीमार बाग से भाजपा उम्मीदवार अनीता जैन ने कहा, “शालीमार बाग पारंपरिक रूप से पार्टी का गढ़ रहा है, इसलिए जीत पक्की है। हालांकि, हम जीत का अंतर बढ़ाना चाहते हैं। यहां ज्यादा दिक्कतें नहीं हैं, क्योंकि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता इलाके में बहुत काम कर रही हैं।” सांसद कमलजीत सहरावत ने द्वारका-बी वार्ड इलाके में मतदान के बाद कहा, “मैं दिल्ली के लोगों से अपील करती हूं कि वे अपने वोट के अधिकार का इस्तेमाल करें और ऐसे उम्मीदवारों को सपोर्ट करें जो लोकल मुद्दों को उठा सकें। साथ ही साथ, अपने इलाके और शहर के विकास में असरदार तरीके से योगदान दे सकें।” मतदान के बीच भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने वेस्ट विनोद नगर इलाके का दौरा किया। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य सभी 12 सीटें जीतकर एक रिकॉर्ड बनाना है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, “मैं विनोद नगर में हूं और पार्टी कार्यकर्ताओं का जोश देख सकता हूं। लोग भारतीय जनता पार्टी को अपना पूरा आशीर्वाद दे रहे हैं। मुझे विश्वास है कि इस उपचुनाव में भाजपा बेशक शानदार जीत दर्ज करेगी। आम आदमी पार्टी उम्मीदवार को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था और वह जेल में रहने के बाद बाहर आई हैं।” केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने उपचुनावों पर कहा, “इस समय प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में विकास और विरासत का लगातार विकास हो रहा है। पूर्वी दिल्ली के लोग चाहते हैं कि सभी काम सही तरीके से हों।” उन्होंने कहा, “ईस्ट दिल्ली के विनोद नगर में उपचुनाव हो रहा है। सरला चौधरी हमारी उम्मीदवार हैं। जब मैं मेयर था, तो उन्होंने मेरे साथ मिलकर काम किया। वह बहुत काबिल, मेहनती और ईमानदार महिला हैं। वह हमेशा जनता की भलाई को ध्यान में रखती हैं। उनके पिछले व्यवहार और उनके काम को देखते हुए, मुझे लगता है कि विनोदनगर के लोगों ने उन्हें पूरे दिल से स्वीकार किया है। यह बहुत अच्छा चुनाव होने वाला है।” भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने सभी 12 सीटों पर जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा चल रहे उपचुनावों में सभी सीटें जीत रही है, जो पार्टी और दिल्ली के लोगों दोनों के लिए बहुत जरूरी हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### सड़क हादसे में ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

**ग्रेटर नोएडा।** ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र अंतर्गत हल्दौनी मोड़ के पास हुए सड़क हादसे में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। परिजन की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव हल्दौनी निवासी कन्हैया झा ने तहरीर में बताया कि उनके पिता राधेश्याम झा सेक्टर-45 नोएडा में श्री गौरव भाटिया के यहां ड्राइवर के रूप में काम करते थे। 28 नवंबर की रात लगभग 9 बजे ड्यूटी समाप्त कर वे घर लौट रहे थे। तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रक के चालक अनिल सिंह ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक चालक पीड़ित को बाइक समेत करीब 100 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि बाइक सवार ने हेलमेट लगाया था कि नहीं। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार का कहना है कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### साइबर ठगों ने दो बैंकों से उड़ाए 1.94 लाख रुपये

**ग्रेटर नोएडा।** गौर सिटी-2 स्थित रक्षा अडेला सोसायटी में रहने वाला एक व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो गया। ठगों ने खुद को एचएसबीसी बैंक का कर्मचारी बताकर 1.93 लाख रुपये की ठगी कर ली। आदित्य महेश्वरी ने बिसरख कोतवाली को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने 19 नवंबर को क्रेडिट कार्ड जारी न होने की शिकायत एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर की थी। इसी शिकायत का फायदा उठाते हुए साइबर ठगों ने 29 नवंबर को से कॉल कर खुद को एचएसबीसी बैंक का कर्मचारी बताया। कॉलर ने गलती सुधारने के नाम पर आदित्य से दोबारा क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करने को कहा और एक लिंक ईमेल पर भेज दिया। पीड़ित ने जैसे ही लिंक पर क्लिक किया। उनका मोबाइल फोन हैक हो गया। इसके बाद उनके एचएसबीसी क्रेडिट कार्ड से 97,528 रुपये और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक खाते से 96,329 रुपये निकाल लिए गए। कॉल कट होते ही आदित्य के फोन पर ट्रांजेक्शन के संदेश आने शुरू हो गए, तब उन्हें ठगी का पता चली। कोतवाली प्रभारी मनोज सिंह का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### किराना और कॉस्मेटिक दुकान में, चोरी पुलिस मामले की जांच


**ग्रेटर नोएडा।** कासना कोतवाली क्षेत्र के पंचायतन मार्केट स्थित किराना एवं कॉस्मेटिक दुकान में चोरी हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को दी तहरीर में अंकित शर्मा ने बताया कि 5 नवंबर की रात वह दुकान बंद कर घर गए थे। छह नवंबर की सुबह करीब 7 बजे जब उन्होंने दुकान खोली तो अंदर का सामान बिखरा पड़ा मिला। दुकान से घी, तेल, सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, कॉस्मेटिक सामान समेत करीब 20 हजार रुपये नकद गायब थे। वहीं कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र शुक्ला ने बताया कि पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### उधार दिए पैसे मांगने पर मारपीट कर किया घायल

**दादरी।** जारचा कोतवाली क्षेत्र के जारचा में उधार दिए 50 हजार रुपये की मांग करने पर एक व्यक्ति के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की गई। प्रभारी निरीक्षक कैलाश नाथ ने बताया कि जारचा गांव में अनीश परिवार के साथ रहते हैं। खगोड़ा गांव के रहने वाले अजीमुद्दीन व उसके बेटा इकरामुद्दीन ने 50 हजार रुपये कुछ समय पहले उधार लिए थे। 29 नवंबर को जब वह अपने उधार दिए पैसे दोनों बाप बेटे से मांगने गए तो आरोपी गाली गलौज करने लगे। जब गाली देने से मना किया तो दोनों ने मिलकर मारपीट कर दी। जिससे अनीश गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने अजीमुद्दीन व इकरामुद्दीन के खिलाफ कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# जनपद में एसआईआर के लिए आज और कल लगेंगे 500 से अधिक शिविर

- श्रमिक एरिया, इंडस्ट्री, सोसाइटी और संस्थानों में लगेंगे स्पेशल कैंप
- हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का होगा प्रयास



**ग्रेटर नोएडा।** जिला प्रशासन की ओर से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को व्यापक रूप देते हुए सोमवार और मंगलवार को जिले में 500 से अधिक विशेष शिविर लगाए जाएंगे। श्रमिक एरिया, इंडस्ट्री, सोसाइटी समेत संस्थानों और मीडिया हाउस में स्पेशल कैंप लगेंगे। जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ऑडिटोरियम में आयोजित बैठक में विभिन्न संस्थानों, उद्योगों, आरडब्ल्यूए, एओए, स्वयंसेवकों, श्रम संगठनों और मीडिया प्रतिनिधियों को अभियान की रूपरेखा से अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित नहीं रहे। नाम जोड़ने, संशोधन कराने और आवश्यक प्रपत्र जमा करने की प्रक्रिया को सरल व सुलभ बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार और मंगलवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक लेबर कम्युनिटी क्षेत्रों में 50 स्पेशल कैंप और औद्योगिक इकाइयों में लगभग 50 शिविर आयोजित होंगे। इसके साथ ही 35 प्रमुख शैक्षणिक और चिकित्सा संस्थानों में भी कैंप लगाए जाएंगे। जिससे छात्र, कर्मचारी व आमजन आसानी से अपने नाम जोड़ या संशोधित करा सकें। इसके अलावा नोएडा व ग्रेटर नोएडा के 1868 बूथों, हाई-राइज सोसाइटियों, आवासीय सेक्टरों, उद्योगों, संस्थानों, फिल्म सिटी और मीडिया हाउसों सहित प्रमुख स्थलों पर कुल 500 शिविर लगाए जाएंगे। मीडिया कम्युनिटी के लिए 16 अलग-अलग लोकेशन पर विशेष शिविर होंगे।

सभी शिविर लंच ब्रेक के बाद नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दोपहर 12 बजे से ही प्रारंभ होंगे। इन कैंपों में फॉर्म-6, फॉर्म-8 सहित सभी एन्यूमरेशन फॉर्म स्वीकार किए जाएंगे। किसी भी बूथ का फॉर्म किसी भी शिविर में जमा किया जा सकेगा। बीएलओ और प्रशिक्षित प्रशासनिक टीम त्वरित सत्यापन और ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से 2003 की मतदाता सूची में नाम खोजने की सुविधा उपलब्ध कराएंगे। पुराने पते से नए पते पर स्थानांतरित हुए नागरिकों के लिए तत्काल समन्वय कर अवगत कराया जाएगा। लक्ष्य यह है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से बाहर न रहे। प्रत्येक की सूचना सही दर्ज की जा सके।

इंडस्ट्री सेक्टर में सैमसंग, एलजी, डिक्सन, वीवो, ओप्पो, यूफ्लेक्स, मदरसन, शीला फोम सहित प्रमुख प्रतिष्ठानों में शिविर लगाए जाएंगे। वहीं एमिटी यूनिवर्सिटी, बेनेट यूनिवर्सिटी, गलगोटिया यूनिवर्सिटी, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय सहित प्रमुख शिक्षण संस्थानों में भी कैंप आयोजित होंगे। सभी प्रमुख मीडिया हाउसों में भी शिविर लगाए जाएंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## रोड, पार्किंग और जाम की समस्या से जूझ रहे निवासी

- गौड़ सिटी-1 में फर्स्ट एवेन्यू निवासियों ने कहा, बिल्डर को टाउनशिप का मेंटेनेंस देने के बाद भी नहीं मिल रही सुविधा

**ग्रेटर नोएडा।** टाउनशिप में बसाकर निवासियों के साथ बिल्डर की ओर से छल किया गया है। गौड़ सिटी-1 में आने वाली सोसाइटी के निवासियों को सड़क, स्ट्रीट लाइट, ओवरफ्लो हो रहे नाले की समस्या से जूझना पड़ रहा है। रविवार को गौड़ सिटी-1 फर्स्ट एवेन्यू के निवासियों ने अमर उजाला संवाद के दौरान इन तमाम समस्याओं का मुद्दा उठाया।

निवासियों का आरोप है कि बिल्डर की ओर से टाउनशिप चार्ज लिया जा रहा है। उसके बाद भी उन्हें कोई सुविधा नहीं मिल रही है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। निवासी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से लेकर प्रशासन तक से मदद की गुहार लगा चुके है। उसके बाद भी अब तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है।

निवासियों ने बताया कि आए दिन जाम की समस्या उन्हें जूझना पड़ता है। यदि मेट्रो की सुविधा ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लोगों को मिल जाए तो जाम से राहत मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि सोसाइटी के बाहर की सड़क पर 50 से 60 प्राइवेट गाड़ी खड़ी रहती हैं। जिससे काफी जाम लगता है। पुलिस से भी कई बार शिकायत की जा चुकी है। उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जब घर लिया गया था तो काफी सपने दिखाए गए थे कि क्लब हाउस होगा। उसके साथ कई अन्य सुविधाएं मिलेगी,लेकिन कुछ भी नहीं मिला। क्लब हाउस की जगह पर होटल बना दिया गया। बच्चों के खेलने तक के लिए भी कोई सुविधा नहीं है। मेंटेनेंस के नाम पर हर माह तीन से चार हजार रुपये देने के बाद भी कोई सुविधा नहीं मिल रही है।

### सार्वजनिक पार्कों में लगा दी पाबंदी

निवासियों ने बताया कि सोसाइटी के पास तीन पार्क है,लेकिन बिल्डर प्रबंधन की ओर से सार्वजनिक पार्क पर भी पाबंदी लगा दी गई है। उसे शाम को साढ़े सात बजे बंद कर दिया जाता है। जबकि पार्कों को साढ़े सात बजे नहीं बंद किया जाना चाहिए। यदि सुरक्षा की दृष्टि से पार्क बंद किए गए तो रात दस के बाद पार्कों को बंद किया जाए।

## पत्नी को मारपीट कर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**दादरी।** जारचा कोतवाली क्षेत्र के प्यावली जैतवारपुर गांव में महिला के साथ पति और उसकी दूसरी पत्नी ने गाली गलौज कर मारपीट की। घटना की रिपोर्ट महिला ने पति व उसकी दूसरी पत्नी के खिलाफ दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक कैलाश नाथ ने बताया कि प्यावली जैतवार पुर गांव में महिला प्रवीन परिवार के साथ रहती हैं। उसके पति शाहिद ने दूसरी शादी रिजवाना से कर रखी है। शुक्रवार की रात में वह घर पर थी। तभी उसका पति शाहिद व दूसरी पत्नी रिजवाना घर पर आए। गाली गलौज करने लगे। जब गाली देने से मना किया तो दोनों ने मिलकर बुरी तरह मारपीट कर गाली घायल कर दिया। महिला प्रवीन ने अपने पति शाहिद व दूसरी पत्नी रिजवाना के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## नोएडा विधानसभा क्षेत्र में 55 फीसदी फॉर्म अपलोड

**नोएडा।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत नोएडा विधानसभा क्षेत्र में फॉर्म अपलोड करने की प्रक्रिया तेजी पकड़ रही है। रविवार तक बीएलओ की ओर से लगभग 55 फीसदी फॉर्म ऑनलाइन अपलोड किए जा चुके हैं। अभियान के तहत कुल 7.71 लाख से अधिक नागरिकों से फॉर्म भरवाकर उन्हें सिस्टम पर अपलोड किया जाना है। विधानसभा क्षेत्र में कुल 752 बीएलओ तैनात हैं, जो घर-घर जाकर फॉर्म उपलब्ध करा रहे हैं।

नागरिक फॉर्म भरकर दोबारा बीएलओ को सौंप रहे हैं जिसके बाद इन्हें ऑनलाइन सिस्टम पर अपलोड किया जा रहा है। प्रक्रिया को सुचारू और तेज बनाने के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी सहयोग लिया जा रहा है जिससे टीमों तक क्षेत्र की वास्तविक स्थिति और लोगों तक पहुंच बनाना आसान हो रहा है। ममूरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात बीएलओ दीपा अरोड़ा ने बताया कि कई ऐसे किरायेदार हैं जो मकान छोड़कर जा चुके हैं और अब उनके दिए पते पर उपलब्ध नहीं हो पा रहे। ऐसे मामलों में मकान मालिक स्वयं आगे बढ़कर बीएलओ की मदद कर रहे हैं। किरायेदारों का पता लगाने की कोशिश में सहयोग दे रहे हैं।

उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों का सहयोग अभियान की सफलता के लिए अहम साबित हो रहा है। एसडीएम अनुज नेहरा के अनुसार सुबह 8 बजे तक लगभग 53 प्रतिशत फॉर्म अपलोड किए जा चुके थे जिसके बाद बीएलओ लगातार अपलोडिंग कार्य कर रहे हैं। दिन बढ़ने के साथ यह संख्या 55 प्रतिशत तक पहुंच गई।



संपादकीय

आदित्य वशिष्ठ

# कानून की परिभाषा अक्सर बदल जाती है

पुनरीक्षण याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने 2-1 के बहुमत से मई में दिए गए फैसले को पलट दिया है। नतीजतन, पर्यावरण मंजूरी की बिना परवाह किए काम शुरू करो और बाद में मंजूरी ले लो-यह चलन जारी रहेगा। कानून यह है कि कोई किसी भी निर्माण परियोजना पर काम पर्यावरण संबंधी मंजूरी मिलने के बाद ही होना चाहिए। मगर सरकार ने पहले 2017 में एक अधिसूचना और फिर 2021 में ऑफिस मेमॉरेंडम के माध्यम से प्रावधान कर दिया कि बिना पर्यावरण संबंधी हरी झंडी लिए जिन परियोजनाओं पर काम आगे बढ़ चुका है, उन्हें बाद में ऐसी मंजूरी दी जा सकेगी। मुद्दा है कि कोई परियोजना जब पर्यावरण को क्षति पहुंचा चुकी हो, तो फिर उसे मंजूरी देने या ना देने की क्या अहमियत है? बहरहाल, सरकार ने ऐसा प्रावधान किया, तो उसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। इस वर्ष मई में सर्वोच्च न्यायालय ने इस प्रावधान को रद्द कर दिया।

दो जजों की बेंच ने उचित निर्णय दिया कि ऐसा करना कानून और उसकी भावना के खिलाफ है। मगर चूंकि इस फैसले से बड़े-बड़े हित प्रभावित हो रहे थे, तो पुनरीक्षण याचिका पर कोर्ट ने तीन जजों की बेंच बनाई। अब उस बेंच ने 2-1 के बहुमत से मई में दिए गए फैसले को पलट दिया है। यानी पर्यावरण मंजूरी की बिना परवाह किए काम शुरू करो और बाद में मंजूरी ले लो-यह चलन जारी रहेगा। मई में फैसला देने वाली बेंच में शामिल रहे जज जस्टिस उज्जल भुइंया नई बेंच में भी थे। उन्होंने असहमत फैसला दिया। इसमें उचित ही उन्होंने दिल्ली में छाये स्मॉग का उदाहरण देते हुए देश में गहराते जा रहे पारिस्थितिकीय संकट का हवाला दिया।

उन्होंने इस दलील को ठुकरा दिया कि मई का फैसला लागू रहने पर अरबों रुपये का निर्माण तोडना होगा, इसलिए फैसले को उलट दिया जाए। लेकिन बाकी दो जजों ने 20 हजार करोड़ रुपये की संपत्ति के दांव पर लगे होने का तर्क देते हुए निर्णय को पलट दिया। वैसे उनके सामने विकल्प यह भी था कि कानून के हुए उल्लंघन पर भारी जुर्माना लगाते, उल्लंघन होने देने के दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय करते, और निर्णय देते कि आगे से ऐसा करने की अनुमति नहीं होगी। संदेश साफ है, जब धनी-मानी लोगों के हित जुड़े हों, तो अक्सर कानून की परिभाषा बदल जाती है!

# मेसेंजर की अनाम आत्माएं और समाज का विवर्तन

*जब कभी मैं मेसेंजर खोलती हूँ, तो भीतर कृत्रिम पुष्पों की रंग-बिरंगी पाँतें, कोमल उपमाओं की मधुमयी धाराएँ और शब्दों की शक्कर से लिपटी मिठास मेरी आँखों के समक्ष फैल जाती है। वह क्षण किसी अनजाने उत्सव-सा लगता है-एक ऐसा उत्सव, जिसे किसी ने बिना निमंत्रण दिए मेरे जीवन में बिखेर दिया हो। कभी-कभी मन यूँ ही सोच में डूब जाता है-क्या सचमुच कोई अजनबी नारी किसी अनदेखे-अनजाने व्यक्ति के हृदय में इतना सारा मृदु स्नेह, इतनी कोमल भावनाएँ और इतना अनुशासित आदर जगा सकता है? परंतु इसी कोने में एक गहरी विडंबना भी खड़ी है-अपने निजी जीवन में तो जीवनसाथी के मुख से एक मधुर शब्द भी सुनने को नहीं मिलता। वहाँ तो केवल शिकायतों की काँटेदार झाड़ियाँ और उलाहनों की सूखी टहनियाँ ही पनपती हैं। कभी-कभी तो ऐसा प्रतीत होता है जैसे विवाह नामक संस्था ने दो अधूरे मनुष्यों को एक साथ बाँधकर उनसे पूर्णता की अपेक्षा कर ली हो, जबकि भीतर दोनों ही अपूर्णताओं और अनकहे दुःखों के बोझ तले दबे हों। फिर भी, इन अनाम स्नेहदाताओं के प्रति मेरे भीतर एक विचित्र-सा आभार जन्म लेता है।*

-डॉ. प्रियंका सौरभ-

मेसेंजर के आभासी प्रांगण में कुछ अनाम आत्माएँ प्रतिदिन प्रातः और सायंकाल ऐसे उतर आती हैं, मानो मेरे मन-लोक के द्वार उनकी प्रतीक्षा में ही सदैव खुले रहते हों। उनके संदेशों का प्रवाह इतना निरंतर, इतना अविरल होता है कि लगता है जैसे किसी सुदूर स्रोत से आशा की कोई अदृश्य नदी बहती चली आ रही हो। यह भी विचित्र है कि इन संदेशों के उत्तर की उन्हें तनिक भी चिंता नहीं-उनके शब्दों में एक ऐसी निस्सीम आशा झलकती है मानो दुनिया का ध्वंस भी उनसे उनकी जिजीविषा न छीन पाएगा।

जब कभी मैं मेसेंजर खोलती हूँ, तो भीतर कृत्रिम पुष्पों की रंग-बिरंगी पाँतें, कोमल उपमाओं की मधुमयी धाराएँ और शब्दों की शक्कर से लिपटी मिठास मेरी आँखों के समक्ष फैल जाती है। वह क्षण किसी अनजाने उत्सव-सा लगता है-एक ऐसा उत्सव, जिसे किसी ने बिना निमंत्रण दिए मेरे जीवन में बिखेर दिया हो। कभी-कभी मन यूँ ही सोच में डूब जाता है-क्या सचमुच कोई अजनबी नारी किसी अनदेखे-अनजाने व्यक्ति के हृदय में इतना सारा मृदु स्नेह, इतनी कोमल भावनाएँ और इतना अनुशासित आदर जगा सकता है?

परंतु इसी कोने में एक गहरी विडंबना भी खड़ी है-अपने निजी जीवन में तो जीवनसाथी के मुख से एक मधुर शब्द भी सुनने को नहीं मिलता। वहाँ तो केवल शिकायतों की काँटेदार झाड़ियाँ और उलाहनों की सूखी टहनियाँ ही पनपती हैं। कभी-कभी तो ऐसा प्रतीत होता है जैसे विवाह नामक संस्था ने दो अधूरे मनुष्यों को एक साथ बाँधकर उनसे पूर्णता की अपेक्षा कर ली हो, जबकि भीतर दोनों ही अपूर्णताओं और अनकहे दुःखों के बोझ तले दबे हों।

फिर भी, इन अनाम स्नेहदाताओं के प्रति मेरे भीतर एक विचित्र-सा आभार जन्म लेता है। शायद यह आभार किसी अपेक्षा का नहीं, बल्कि इस भाव का है कि दुनिया में अभी भी कुछ लोग ऐसे हैं जो बिना स्वार्थ, बिना पहचान, बिना अपेक्षा-स्नेह देना जानते हैं। इस सत्य की मधुर अनुभूति ही हृदय में एक अदृश्य कृतज्ञता अंकित कर देती है। किन्तु मेरे अस्तित्व के भीतर इन अजनबियों के लिए किसी भी भाव-प्रेम, आकर्षण या खिंचाव-की कोई जगह नहीं। मेरे भीतर जो स्थान सुरक्षित है, वह वीतराग के विस्तृत आकाश की तरह रिक्त और शांत है।

मेरे परिचय-वलय में एक ऐसा व्यक्ति भी है जो दुनिया को हँसी के उत्सव बाँटता फिरता है। वह अपनी चुटीली टिप्पणियों और सहज हास्य से लोगों के चेहरे पर मुस्कान उगा देता है, लेकिन जैसे ही वह घर के मुख्यद्वार पर पहुँचता है, उसके चेहरे से हर आभा ऐसे झर जाती है, जैसे वह "गोड्डा निवाणे" की किसी कठिन और थकाऊ यात्रा से लौटकर आया हो। उसे देखते हुए मन में यह शंका बार-बार जाग उठती है-कहीं ये संदेश भेजने वाले भी भीतर से वैसे ही रिक्त तो नहीं? कहीं यह मुस्कान केवल बाहरी छलावरण तो नहीं, जो भीतर के गहरे अकेलेपन को छिपाने के लिए ओढ़ रखी गई हो?

आज मेसेंजर में उमड़ती संदेशों की बाढ़ ने मेरे भीतर सामाजिक प्रवृत्तियों की तहों तक उतर जाने की एक तीव्र इच्छा जगा दी। कुछ परिचितों के जीवन-चित्र स्मृति में कौंध गए-प्रसन्न, संघर्षरत, टूटते और फिर से सँभलते हुए। हर चित्र अपने भीतर एक कहानी लिए हुए था, और हर कहानी समाज के बदलते स्वरूप का मूक प्रमाण थी।

इन सब पर विचार करते हुए सबसे पहले मैं उन परिवारों को हृदय से नमन करना चाहती हूँ जो प्रेम, धैर्य, संयम और परस्पर सम्मान की कोमल डोर से बँधे रहते हैं। ऐसे परिवार किसी नदी की गहराई जैसे होते हैं-ऊपर भले ही शांत दिखें, लेकिन भीतर वे समाज की स्थिरता और सामूहिक संतुलन के लिए अथाह जल संजोए रखते हैं। उनकी उपस्थिति समाज में शांति, सहनशीलता और स्नेही वातावरण का आधार बनती है।

किन्तु समाज का दूसरा पक्ष भी उतना ही व्यापक और तीखा है। कुछ पुरुष और स्त्रियाँ, चालीस-पैंतालीस की सीमा में पहुँचते ही अचानक "पीड़ित-भाव" की ध्वजा उठाकर खड़े हो जाते हैं। उन्हें लगता है कि वे अपनी प्रतिभा के आकाश को छू सकते थे, यदि परिवार और बच्चों की जिम्मेदारियों ने उनके स्वर्णिम अवसर न निगल लिए होते। यह सोच धीरे-धीरे उनके विवाह की डोर को छिन्न-भिन्न करने लगती है। मन में उभरता यह कथित "अवसर-हरण" का भाव, दाम्पत्य जीवन में कटुता का बीज बो देता है।

इसी के समानांतर कुछ पुरुष बाहर की स्त्रियों से अपने बनावटी दर्द, झूठी विवशताओं और मनगढ़ंत दुःखों की कहानियाँ साझा करते हैं। संवेदनशील स्त्रियाँ उन कहानियों को सत्य समझकर भावनात्मक रूप से उलझ जाती हैं। पुरुषों का यह छलावा उन्हें अपने ही भावों की कैद में धकेल देता है-जहाँ वे समझ नहीं पातीं कि उनका अपनापन वास्तविकता से जुड़ा है या किसी के क्षणिक मनोरंजन का साधन मात्र।

आजकल सरायों और भोजनालयों के बाहर जो नाटकीय दृश्य घटित होते हैं-अंदर पत्नी किसी 'मित्र' के साथ बैठी और बाहर पति क्रोध से दहकता खड़ा-वे किसी एक परिवार की नहीं, पूरे समाज की विकृत मानसकथा हैं। इन दृश्यों को देखकर लगता है कि हम एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुके हैं जहाँ "विश्वास" सबसे सस्ता और "विकार" सबसे महंगा हो गया है।

कुछ लोग घर की उलझी परिस्थितियों से भागकर हमउम्र स्त्रियों या नवयुवतियों में क्षणिक सुख ढूँढने निकल पड़ते हैं। वे इन नए आकर्षणों में डूबकर यह मानने लगते हैं कि यही वास्तविक जीवन है, यही सच्चा प्रेम, यही पूर्णता। परंतु जब वह चमक भी फीकी पड़ जाती है, तो वे फिर किसी नए आकर्षण की तलाश में निकल जाते हैं-मानो जीवन कोई मण्डी हो और प्रेम उसका सबसे सस्ता सिक्का।

घर में वही व्यक्ति कलह, कड़वाहट और अव्यवस्था की आग लेकर लौटता है। मधुरता, जो वह बाहर उदारता से बाँटता है, घर की चौखट के भीतर आते ही सूख जाती है-उसकी जगह ले लेते हैं रूखे शब्द, अस्थिर मन और थकान का बोझ।

इन सब परिस्थितियों की प्रतिक्रिया स्त्रियों में भी प्रतिशोध, प्रतिस्पर्धा और प्रतिरोध के रूप में उभरती है। वे संघर्ष में उतर आती हैं, कभी स्वयं को सिद्ध करने, कभी अपना खोया आत्मसम्मान खोजने, तो कभी केवल अपने अस्तित्व की सुरक्षा के लिए। इसका परिणाम होता है-परिवारों का टूटना, बच्चों में दिशाहीनता, नशे की ओर झुकाव, और कम आयु में विपरीत लिंगी आकर्षण का असामान्य उभार।

बढ़ते अपराध, एकतरफा प्रेम की त्रासदियाँ, अवसाद, आत्महत्या और हिंसा-ये सब इसी टूट चुकी पारिवारिक नींव की उपज हैं। सोशल मीडिया उन घावों पर मरहम बनने की बजाय कई बार उन्हें और गहरा कर देता है। सुख की तलाश में लोग दूसरों की सुख-शांति भी छीन ले जाते हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने घरों में संवाद, प्रेम, आदर, विश्वास और धैर्य की गरिमा को पुनः स्थापित करें। तभी हम स्वस्थ, संतुलित समाज का निर्माण कर पाएँगे-ऐसा समाज जहाँ अगली पीढ़ियाँ टूटे मनों की विरासत नहीं, बल्कि स्नेह और समझ की पूँजी लेकर आगे बढ़ सकें। यदि मेरे शब्दों से किसी संवेदनशील हृदय को पीड़ा पहुँची हो, तो मैं सहृदय क्षमा याचना करती हूँ।

# भारत का आर्थिक विकासः सहकारिता से समृद्धि की ओर

- प्रहलाद सबनानी

भारत एक कृषि प्रधान देश रहा है और हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों का अनुपालन करते हुए ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिक आपस में भाई-चारे के साथ मिलजुल कर रहते आए हैं। इस दृष्टि से देखा जाय तो सहकार की भावना हम भारतीयों के डीएनए में है। इसी विषय के दृष्टिगत एक बार पुनः आज भारत के प्रत्येक गांव को खुशहाल एवं समृद्ध बनाने की लिए समस्त गावों को सहकारिता से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। "सहकार से समृद्धि" का नारा भी इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर दिया गया है।

भारत में आज सहकारी समितियों की स्थापना को बढ़ावा दिया जा रहा है क्योंकि भारत में सहकारी समतियां, स्व-सहायता, स्व-जिम्मेदारी, लोकतंत्र, समानता, न्याय एवं एकजुटता जैसे भारतीय मूल्यों के आधार पर कार्य करती हुई दिखाई देती हैं। साथ ही, जिन 7 सिद्धांतों के आधार पर इन समितियों के कार्य करने की अपेक्षा रहती है, उससे इन समितियों के सफल होने की सम्भावना बढ़ जाती है। यह 7 सिद्धांत हैं - खुली और स्वैच्छिक सदस्यता; लोकतांत्रिक तरीके से सदस्यों की भागीदारी; सदस्यों की आर्थिक भागीदारी; स्वायत्तता और स्वतंत्रता; शिक्षा, प्रशिक्षण और सूचनाः कोआपरेटिव के बीच सहयोग; समुदाय के प्रति सरोकार। सहकारिता वह संगठन है जिसके द्वारा दो या दो से अधिक व्यक्ति स्वेच्छापूर्ण मिलजुल कर समान स्तर पर आपसी आर्थिक हितों की वृद्धि करते हैं। इस प्रकार सहकारिता उस आर्थिक व्यवस्था को कहते हैं जिसमें मनुष्य किसी आर्थिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए मिलजुल कर कार्य करते हैं। समृद्धि केवल धन-संपत्ति से कहीं अधिक है, यह तब होती है जब सभी लोगों को फलने-फूलने का अवसर और स्वतंत्रता प्राप्त होती है। समृद्धि एक समावेशी समाज पर आधारित होती है, जिसमें एक मजबूत सामाजिक अनुबंध होता है जो प्रत्येक व्यक्ति की मूलभूत स्वतंत्रता और सुरक्षा की रक्षा करता है। सहकारिता का मुख्य उद्देश्य सदस्यों के जीवन को बेहतर बनाना और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। यह एक ऐसा संगठन है जो सदस्यों को सशक्त बनाता है और उन्हें अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक साथ काम करने का अवसर प्रदान करता है।

भारत में आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से सहकारिता आंदोलन को सफल बनाना बहुत जरूरी है। वैसे तो हमारे देश में सहकारिता आंदोलन की शुरुआत वर्ष 1904 से हुई है एवं तब से आज तक सहकारी क्षेत्र में लाखों समितियों की स्थापना हुई है। कुछ अत्यधिक सफल रही हैं, जैसे अमूल डेयरी, परंतु इस प्रकार की सफलता की कहानियां बहुत कम रही हैं। कहा जाता है कि देश में सहकारिता आंदोलन को जिस तरह से सफल होना चाहिए था, वैसा हुआ नहीं है। बल्कि, भारत में सहकारिता आंदोलन में कई प्रकार की कमियां ही दिखाई दी हैं। देश की अर्थव्यवस्था को शीघ्र ही यदि 5 लाख करोड़ अमेरिकी डालर के आकार का बनाना है तो देश में सहकारिता आंदोलन को सफल बनाना ही होगा। इस दृष्टि से केंद्र सरकार द्वारा एक नए सहकारिता मंत्रालय का गठन भी किया गया है। विशेष रूप से गठित किए गए इस सहकारिता मंत्रालय से अब "सहकार से समृद्धि" की परिकल्पना के साकार होने की उम्मीद भी की जा रही है।

भारत में सहकारिता आंदोलन का यदि सहकारिता की संरचना की दृष्टि से आकलन किया जाय तो ध्यान में आता है कि देश में लगभग 8.5 लाख से अधिक सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। इन समितियों में कुल सदस्य संख्या लगभग 28 करोड़ है। हमारे देश में 55 किस्मों की सहकारी समितियां विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं। जैसे, देश में 1.5 लाख प्राथमिक दुग्ध सहकारी समितियां कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त 93,000 प्राथमिक कृषि सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। ये मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों में कार्य करती हैं। इन दोनों प्रकार की लगभग 2.5 लाख सहकारी समितियां ग्रामीण इलाकों को अपनी कर्मभूमि बनाकर इन इलाकों की 75 प्रतिशत जनसंख्या को अपने दायरे में लिए हुए है। उक्त के अलावा देश में सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं और यह तीन प्रकार की हैं। एक तो वे जो अपनी सेवाएं शहरी इलाकों में प्रदान कर रही हैं। दूसरी वे हैं जो ग्रामीण इलाकों में तो अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं, परंतु कृषि क्षेत्र में ऋण प्रदान नहीं करती हैं। तीसरी वे हैं जो उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों की वित्त सम्बंधी जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करती हैं। इसी प्रकार देश में महिला सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं। इनकी संख्या भी लगभग एक लाख है। मछली पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मछली सहकारी साख समितियां भी स्थापित की गई हैं, इनकी संख्या कुछ कम है।

ये समितियां मुख्यतः देश में समुद्र के आसपास के इलाकों में स्थापित की गई हैं। देश में बुनकर सहकारी साख समितियां भी गठित की गई हैं, इनकी संख्या भी लगभग 35,000 है। इसके अतिरिक्त हाउसिंग सहकारी समितियां भी कार्यरत हैं। संचालन और कार्यों की प्रकृति के आधार पर मुख्यतः छह प्रकार की सहकारी समितियां होती हैं। इनमें उपभोक्ता सहकारी समितियां, उत्पादक सहकारी समितियां, विपणन सहकारी समितियां, कृषक सहकारी समितियां, ऋण सहकारी समितियां और सहकारी आवास समितियां शामिल हैं।

उक्त वर्णित विभिन क्षेत्रों में कार्यरत सहकारी समितियों के अतिरिक्त देश में सहकारी क्षेत्र में तीन प्रकार के बैंक भी कार्यरत हैं। एक, प्राथमिक शहरी सहकारी बैंक जिनकी संख्या 1550 है और ये देश के लगभग सभी जिलों में कार्यरत हैं। दूसरे, 300 जिला सहकारी बैंक कार्यरत हैं एवं तीसरे, प्रत्येक राज्य में एपेक्स सहकारी बैंक भी बनाए गए हैं। उक्त समस्त आंकडें वर्ष 2021-22 तक के हैं। 29 जून, 2022 को भारत सरकार द्वारा 63,000 क्रियाशील प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) के कम्प्यूटरीकरण के लिए 2,516 करोड़ रुपये के कुल वित्तीय परिव्यय के साथ परियोजना को मंजूरी दी गई थी।

इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि हमारे देश में सहकारी आंदोलन की जड़ें बहुत गहरी हैं। दुग्ध क्षेत्र में अमूल सहकारी समिती लगभग 70 वर्ष पूर्व प्रारम्भ हुई है, जिसे आज भी सहकारी क्षेत्र की सबसे बड़ी सफलता के रूप में गिना जाता है। सहकारी क्षेत्र में स्थापित की गई समितियों द्वारा रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित किए गए हैं। सहकारी क्षेत्र में एक विशेषता यह पाई जाती है कि इन समितियों में सामान्यतः निर्णय सभी सदस्यों द्वारा मिलकर लिए जाते हैं। सहकारी क्षेत्र देश के आर्थिक विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकता है। परंतु इस क्षेत्र में बहुत सारी चुनौतियां भी रही हैं। जैसे, सहकारी क्षेत्र के बैंकों की कार्य पद्धति पर हमेशा से ही आरोप लगते रहे हैं एवं कई तरह की धोखेबाजी की घटनाएं समय समय पर उजागर होती रही हैं।

# गरुड़ पुराण के अनुसार ऐसे लोग स्वर्ग नहीं नरक जाते है

हिंदू धर्म के ऐसे ग्रंथ भी है जिनमें ऐसी कथाएं दी है जिनमें स्वर्ग और नर्क के बारे में बताया गया है। इन्ही पुराणों में से है गरुड़ पुराण। जिसमें स्वर्ग और नरक के बारें में बहुत ही विस्तार से बताया गया है। गरुड़ पुराण को हिंदू धर्म के 18 पुराणों में से एक माना जाता है। गरुड़ पुराण में हमारें जीवन को लेकर कई गूढ बातें बताई गई है। जिनके बारें में व्यक्ति को जरूर जनना चाहिए। ऐसे ही कुछ बातें है जिनके बारें में न हमने सुना है न ही उनके बारें में जानते है। गरुड़ पुराण के अनुसार माना जाता है कि जो मनुष्य गलत काम करते है या फिर दुष्ट होते है वो नरक जाते है। और जो लोग अच्छा काम करते है वह स्वर्ग जाते है। स्वर्ग जिसे देवताओं का निवास स्थान माना जाता है। जो बुरे कर्म करते है उन्हें नरक में ले जाकर बहुत ही बुरी तरीके से दंडित किया जाता है। आज हम अपनी खबर में गरुड़ पुराण में दिए गए ऐसे लोगों के बारें में बता रहे है जो ऐसे काम करते है। उन्हें नरक में जाकर अपने पाप भोगने पडते है। जानिए ऐसे कौन से लोग है। ऐसे लोग जो सिर्फ अपने बारें में सोचते है किसी दूसरें का हित नहीं करते है। साथ ही जो लोग कुएं, तालाब, प्याऊ और मार्ग आदि को हानि पहुंचाते हैं, ऐसे दुष्ट लोगं को नरक में ले जाया जाता हैं।

धर्मकर्म

**पढ़े और कौन से लोग जाते है नरक में....**

-समाज में ऐसे कई से लोग होते है जो आपना पेट दूसरों से झूठ बोलकर भरते है या फिर कोई गलत काम करके। गरुड़ पुराण के अनुसार जो लोग किसी स्त्री की हत्या करते है, आत्महत्या, गर्भ हत्या, ब्रह्म हत्या, गौ हत्या करते है या फिर किसी कन्या को बेचें, अपने लाब के लिए झूठ बोले। ऐसे लोगों को नरक में ही जगह मिलती हैं।

-जो लोग धर्म को नही मानते है। उसकी निंदा करते है, साथ ही ऋषि-मुनियों, वेद-पुराण की निंदा कर उसका मजाक उड़ाते है। वो नरक जाते है।

-जो लोग किसी भी समय या फिर कभी किसी देवी-देवता ता चिंतन नही करते है वो नरक में जाते है। पुराने जमाने के लोग हमेशा एक बात कहते है कि प्रभु का चिंतन करते रहो तभी तुम्हें स्वर्ग की प्राप्ति होगी।

## आज का इतिहास

1640 - स्पेन से 60 वर्षों की गुलामी के बाद पुर्तग़ाल स्वतंत्र हुआ।

1933 - कलकत्ता और ढाका के बीच विमान सेवा की शुरूआत।

1959 - अंटार्कटिका के शांतिपूर्ण वैज्ञानिक इस्तेमाल के लिए 12 राष्ट्रों ने संधि पर हस्ताक्षर किये।

1959 - बाहरी अंतरिक्ष से पृथ्वी का पहला रंगीन फोटो लिया गया।

1963 - नागालैंड भारत का 16वां राज्य बना।

1974 - वर्जीनिया के अपरविले में बोइंग 727 विमान दुर्घटनाग्रस्त, 92 की मौत।

1976 - अंगोला संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना।

1976 -बंगलादेश में जनरल जियाउर रहमान खुद को राष्ट्रपति घोषित किया।

1987 - अफ़ग़ानिस्तान के नये संविधान के अंतर्गत डाक्टर नजीबुल्लाह राष्ट्रपति निर्वाचित।

1988 - पाकिस्तान में आपातकाल की समाप्ति तथा राष्ट्रपति ग़ुलाम इशहाक ख़ान ने बेनजीर भुट्टो को प्रधानमंत्री नियुक्त किया।

1988 - बंगलादेश में चक्रवात से 596 लोगों की मौत, पांच लाख लोग बेघर हुए।

1991 - एड्स जागरूकता दिवस की शुरुआत हुई।

1992 - दक्षिण कोरिया एवं दक्षिण अफ्रीका में राजनयिक संबंध स्थापित।

1997 - चेचेन्या को विदेशी नागरिकों के लिए निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया गया।

2000 - संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने तालिबान पर शस्त्र प्रतिबंध का समर्थन किया।

2001 - अफ़ग़ानिस्तान के कंधार एयरपोर्ट पर तालिबान विरोधी कबालियों का कब्ज़ा।

2002 - आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड से लगातार आठवीं बार एशेज टेस्ट श्रृंखला जीती।

2006 नेपाल ने नये राष्ट्रगान, जिसमें राजा का नामो-निशान तक नहीं है, स्वीकृत किया।

2007 - चीन के सान्या में आयोजित मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में चीन की इलांग जी लिन को मिस वर्ल्ड का ताज पहनाया गया।

2008 - भारत के बिलियडर्स खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने 75वीं राष्ट्रीय बिलियडर्स एवं स्नूकर का सीनियर ख़िताब जीता।

# जिहाद, हिंसा, जमीयत उलेमा-ए-हिंद और मौलाना मदनी

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भोपाल में जमीयत उलेमा-ए-हिंद के कार्यक्रम में मौलाना महमूद मदनी द्वारा दिया गया वक्तव्य, "जब-जब जुल्म होगा, तब-तब जिहाद होगा" इसे वास्तव में सिर्फ एक टिप्पणी नहीं माना जा सकता है, यह एक ऐसा कथन है जिसके सामाजिक-राजनीतिक प्रभाव दूर तक जाते हैं। खासकर इसलिए क्योंकि "जिहाद" शब्द आधुनिक समय में एक विवादित और अक्सर हिंसा से जुड़ी अवधारणा बन चुका है। मदनी मानते हैं कि "जिहाद" एक पवित्र कर्तव्य है, अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का नाम है और हिंसा अथवा आतंक से उसका कोई संबंध नहीं, किंतु सवाल यह है कि यदि "जिहाद" वास्तव में इतना ही पवित्र और नैतिक अवधारणा है तो दुनिया के अनेक इस्लामिक, मजहबी हिंसक समूह उसे हत्याओं का औजार क्यों बनाते आए हैं और अब भी बना रहे हैं?

सभी समझें कि यह प्रश्न भावनात्मक नहीं है, ऐतिहासिक और भू-राजनीतिक सच्चाइयों का परिणाम है क्योंकि इससे जुड़ा पूरा इतिहास आज मौजूद है। बीते चार दशकों में जितने बड़े अंतरराष्ट्रीय आतंकी आक्रमण हुए, न्यूयॉर्क से लेकर मुंबई, दिल्ली से लेकर पेरिस तक उनमें दोषियों ने अपने कृत्य को अक्सर "जिहाद" के नाम पर उचित ठहराया है। क्या वे सभी समूह किसी "जुल्म" का उत्तर दे रहे थे? क्या उन पर दुनिया अत्याचार कर रही थी? यदि नहीं तो फिर भारत एवं दुनिया भर में सभी इस्लामी नेतृत्व को इस पर खुलकर कहना चाहिए कि हिंसा का यह रूप इस्लाम नहीं है। दुखद यह है कि ऐसा स्पष्ट और साहसी प्रतिरोध 'इस्लाम समूह' के रूप में दिखाई नहीं देता है। अब तक जितने भी इस्लामिक आतंकवादी भारत में पकड़े गए हैं, उनमें अधिकांश से स्वयं से स्वीकार किया है कि वे गैर मुसलमानों के खिलाफ "जिहाद" एक पवित्र युद्ध कर रहे हैं! अब इसे कैसे नकारा जा सकता है? यह तथ्य तो तमाम जगह पुलिस और न्यायालयो के रिकार्ड में मौजूद है।

**जिहाद की अवधारणाः आदर्श से राजनीतिक हथियार तक-** वस्तुतः The Legacy of Jihad जैसी पुस्तकों में दर्ज विस्तृत शोध यह दिखाता है कि जिहाद की ऐतिहासिक अवधारणा में आध्यात्मिक संघर्ष (नफ्स के खिलाफ), सामाजिक न्याय और अन्याय के विरोध का तत्व तो था, परंतु सदियों में राजसत्ता, राजनीति और कट्टरपंथी नेतृत्व ने इसे कई बार "पवित्र युद्ध" का रूप भी दिया और इस्लाम के बने रहने और उसके विस्तारवाद के लिए अब भी दे रहे हैं। पुस्तक यह आलोचनात्मक दृष्टि प्रस्तुत करती है कि इस्लाम के मजहबी आदर्श और राजनीतिक महत्वाकांक्षा के मिश्रण ने इसे हिंसक दिशा की ओर मोड़ दिया। इसी तरह Jihad: The Trail of Political Islam आधुनिक जिहादी आंदोलनों की जड़ें समझाती है और बताती है कि कैसे राजनीतिक इस्लाम ने जिहाद को वैचारिक हथियार की तरह उपयोग किया। The Mind of Jihad और Jihad and Death जैसी पुस्तकों को भी एक बार जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी को अवश्य पढ़ लेना चाहिए, जो यह विश्लेषण करती हैं कि आज की आतंकी मानसिकता जिहाद को "नैतिक कर्तव्य" बताकर आत्मघाती हिंसा का औचित्य तैयार करती है। वहीं, Salafi-Jihadism यह स्पष्ट करती है कि कट्टरपंथी समूहों ने जिहाद को धर्म से अधिक विचारधारात्मक युद्ध का रूप दे दिया है। दुनिया भर में इस्लाम का शासन और उम्मा की सोच ही इस "जिहाद" के केंद्र में है। इन सभी अध्ययनों से यह सामान्य निष्कर्ष उभरता है कि जिहाद का आध्यात्मिक अर्थ और उसका आधुनिक राजनीतिक-हिंसक अर्थ एक-दूसरे से बहुत भिन्न हैं। यदि मदनी और उनके समर्थक "जिहाद" को शुद्ध आध्यात्मिक व नैतिक सिद्धांत के रूप में मानते हैं, तो यह स्पष्ट रूप से कहा जाना चाहिए कि आतंकवाद के नाम पर किया गया "जिहाद" इस्लाम के विरुद्ध अपराध है। लेकिन प्रश्न यह है कि भारत में यह स्पष्ट विभाजन कौन करेगा?

**भारतीय मुसलमान, जिहाद का दुरुपयोग और मजहबी नेतृत्व की जिम्मेदारी-** भारत का मुसलमान समुदाय बहुसंख्यक रूप से शांतिप्रिय, लोकतांत्रिक व्यवस्था में आस्था रखने वाला और सामाजिक ताने-बाने का अभिन्न हिस्सा है, पर कट्टरपंथियों द्वारा "जिहाद" शब्द के दुरुपयोग की जिम्मेदारी भी किसी न किसी को लेनी होगी। क्या यह जिम्मेदारी मौलाना मदनी जैसे प्रभावशाली धार्मिक नेताओं की नहीं है कि वे खुलकर, बिना किसी अस्पष्टता के, यह कहें कि भारतीय उपमहाद्वीप और विश्व स्तर पर सक्रिय कई इस्लामिक आतंकवादी संगठनों में प्रमुख रूप से इंडियन मुजाहिदीन, लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हरकत-उल-मुजाहिदीन, हरकत-उल- जिहाद- अल- इस्लामी, जमात -उद-दावा, अल-बदर, हिज़्ब-उल-मुजाहिदीन और लश्कर-ए-झँगवी, हक्कानी नेटवर्क, अल-कायदा, अल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट, आईएसआईएस, दाएश, अल-नुसरा फ्रंट और अंसार अल-शरिआ, अल-शबाब, बोको हराम और अंसार अल-इस्लाम जैसे संगठनों द्वारा किया गया कोई भी हिंसक 'जिहाद' इस्लाम विरोधी अपराध है। क्या इन जैसे इस्लामिक नेताओं को सभी आतंकवादी संगठनों से भारत के मुसलमानों को दूर रहने का आह्वान नहीं करना चाहिए? लेकिन जब एक बड़ा मजहबी (धार्मिक) नेता सार्वजनिक मंच से कहता है कि "जुल्म होगा तो जिहाद होगा", तब यह कथन सहसा ही उन कट्टरपंथी समूहों के नैरेटिव से टकराने के बजाय, जाने-अनजाने, उससे मिलता-जुलता प्रतीत होने लगता है, उनका समर्थन करता दिखता है। यह बात अपने-आप में खतरनाक है, क्योंकि समाज में भय, संदेह और विभाजन की जमीन ऐसे ही बयानों से तैयार होती है।

**जुल्म की परिभाषा कौन तय करेगा?-** मदनी यह नहीं बताते कि "जुल्म" क्या है और इसका निर्धारण कौन करेगा। क्या किसी नीति से असहमति "जुल्म" है? क्या न्यायिक प्रक्रिया की आलोचना या समर्थन "जुल्म" है? क्या किसी राजनीतिक दल की बयानबाजी को "जुल्म" कहकर उसके विरुद्ध संघर्ष को "जिहाद" नाम दिया जा सकता है? इन मजहबी मौलानाओं द्वारा 'जुल्म' की परिभाषा अस्पष्ट छोड़ दी जाती है और यही अस्पष्टता कट्टरपंथियों द्वारा हिंसक नैरेटिव तैयार करने का औजार बनती है। यदि "जिहाद" केवल आत्म-सुधार, नैतिकता और अन्याय के खिलाफ शांतिपूर्ण संघर्ष है तो क्या कारण है कि पिछले कई वर्षों में दुनिया का सबसे बड़ा हिस्सा उसे आतंक, हिंसा और हत्या से जोड़कर देखता है? यह छवि किसने और कैसे बनाई और इसे बदलने की जिम्मेदारी सबसे पहले किस पर आती है?

**भारत में जिहाद की राजनीतिः विभाजन का रास्ता-** भारत में जब कोई भी नेता चाहे वह धार्मिक, मजहबी हो या राजनीतिक इस तरह की भाषा इस्तेमाल करता है जो समाज के एक वर्ग को दूसरे वर्ग से अलग करती है तो अनायास ही सामाजिक अविश्वास बढ़ता है। मदनी का बयान इसी संदर्भ में चिंताजनक है, क्योंकि भारत में "जिहाद" का आधुनिक अर्थ उस ऐतिहासिक-आध्यात्मिक अर्थ से बहुत भिन्न नहीं समझा जाता जो किताबों में दर्ज है। यह वही अर्थ है जो आतंकी समूहों ने प्रचारित किया और कर रहे हैं। ऐसे में किसी भी जिम्मेदार नेता का प्राथमिक दायित्व यही होना चाहिए कि वह इस शब्द के दुरुपयोग को पहचाने, न कि उसे पुनः "पवित्रता" का आवरण देकर सार्वजनिक विमर्श में पुनर्जीवित करते हुए ये कहे कि "जब जब जुल्म होगा, तब तब जिहाद होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आदित्य वशिष्ठ द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस, बी-42 सेक्टर -7 नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) उत्तर प्रदेश-201301 से मुद्रित व ए-152, सैक्टर 63, नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) उत्तर प्रदेश-201301 से प्रकाशित।

संपादक - आदित्य वशिष्ठ कानूनी सलाहकार-पवित्र मोहन शर्मा आर.एन.आई.- UPHIN/2023/84499

इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी होंगे। e-mail: Jbttimes2021@ gmail. Com

# पीएम ने 'मन की बात' में नवाचार, खेल और कृषि उत्पादन पर साझा किए अपने विचार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हाल के कई घटनाक्रम भारत की नई सोच, नवाचार और युवा शक्ति को दर्शाते हैं। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि हैदराबाद में दुनिया की सबसे बड़ी लीप इंजन एमआरओ सुविधा का उद्घाटन हो या आईएनएस माहे का भारतीय नौसेना में शामिल होना या फिर देश में स्काईरूट के इनफिनिटी परिसर की शुरूआत, ये सभी इसी बात के प्रमाण हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने 35 करोड़ 7 लाख टन अनाज के उत्पादन के साथ ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है, जो कृषि क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है। मोदी ने कहा कि भारत का अनाज उत्पादन पिछले 10 वर्ष में 10 करोड़ टन बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों की मेज़बानी मिलना भारत के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि ये देश और देशवासियों की उपलब्धियां हैं। मोदी ने कहा कि यह महीना कई प्रेरणाएं लेकर आया है। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर को संविधान दिवस पर संसद के केंद्रीय कक्ष में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ की शुरुआत देशव्यापी कार्यक्रमों के साथ हुई। उन्होंने कहा कि इस महीने की 25 तारीख को अयोध्या के राम मंदिर में धर्मध्वजा फहराई गई और उसी दिन कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पांचजन्य स्मारक का उद्घाटन किया गया।



मोदी ने कहा कि यह महीना भारत में खेलों के लिहाज से बेहद सफल रहा है। भारतीय महिला टीम ने आईसीसी महिला विश्व कप जीता। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ दिन पहले ही टोक्यो में डेफलिंपिक्स में भारत ने अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 20 पदक जीते। उन्होंने कहा कि भारतीय महिला खिलाड़ियों ने कबड्डी विश्व कप जीतकर इतिहास रचा और देश की खिलाड़ियों ने विश्व मुक्केबाजी प्रतियोगिता में 20 पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। मोदी ने बताया कि भारतीय महिला टीम ने एक भी मैच हारे बिना दृष्टिबाधित क्रिकेट विश्व कप जीता। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय खेल इतिहास की यह सबसे बड़ी जीत है, जो हर भारतीय को प्रेरित करती रहेगी।

मोदी ने कहा कि आजकल देश में एंड्योरेंस स्पोर्ट्स की नई खेल संस्कृति भी तेज़ी से उभर रही है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले तक मैराथन और बाइकथॉन जैसे विशेष आयोजन कुछ चुनिंदा लोगों तक ही सीमित थे, लेकिन अब बहुत कुछ बदल गया है। देश भर में अब हर महीने डेढ़ हजार से ज़्यादा एंड्योरेंस स्पोर्ट्स आयोजित किए जाते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में शीतकालीन पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन लोगों को आकर्षित कर रहा है और औली, मुनस्यारी, चोपता तथा दियारा जैसे स्थान लोकप्रिय हो रहे हैं।

मोदी ने कहा कि राज्य का पहला हाई एल्टीट्यूड अल्ट्रा रन मैराथन पिथौरागढ़ ज़िले के आदि कैलाश में आयोजित किया गया। इसमें 18 राज्यों के 750 से ज़्यादा एथलीटों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि कुछ सप्ताह बाद में उत्तराखंड में शीतकालीन खेलों का भी आयोजन होने वाला है।

मोदी ने कहा कि नौसेना से जुड़े पर्यटन में रुचि रखने वालों के लिए देश में कई ऐसी जगहें हैं जहाँ वे बहुत कुछ सीख सकते हैं। उन्होंने कहा कि दीव में आईएनएस खुखरी को समर्पित खुखरी स्मारक और संग्रहालय है, जबकि गोवा में नौसेना विमानन संग्रहालय है जो एशिया में अपनी तरह का अनूठा संग्रहालय है। उन्होंने कहा कि फोर्ट कोच्चि में आईएनएस द्रोणाचार्य में 'भारतीय नौसेना समुद्री संग्रहालय' है।

भारतीय नौसेना में आईएनएस माहे को शामिल किये जाने पर प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भारत का सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत होता है तो हर भारतीय को गर्व होता है। उन्होंने कहा कि आईएनएस माहे के स्वदेशी डिज़ाइन की व्यापक रूप से चर्चा हुई है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि नौसेना तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही है। मोदी ने लोगों से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि देश के लाखों लोगों ने 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। दो दिसम्बिर को काशी के नमो घाट पर शुरू होने वाले चौथे काशी तमिल संगमम की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के काशी-तमिल संगमम का विषय – तमिल सीखें-तमिल कराकलम बहुत ही रोचक है। उन्होंने कहा कि काशी-तमिल संगमम, तमिल भाषा से जुड़े सभी लोगों के लिए महत्वपूर्ण मंच बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी के लोग तमिलनाडु के लोगों का पूरे उत्साह के साथ स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।

प्राकृतिक खेती पर विशाल सम्मेलन में भाग लेने के लिए कोयम्ब तूर की यात्रा के बारे में मोदी ने कहा कि वे दक्षिण भारत में प्राकृतिक खेती की दिशा में किए जा रहे प्रयासों से बहुत प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि उच्च योग्यता प्राप्त कई युवा पेशेवर अब प्राकृतिक खेती को अपना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती, भारत की प्राचीन परंपराओं का हिस्सा रही है और धरती माता की रक्षा के लिए इसे निरंतर बढ़ावा देना लोगों का कर्तव्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि शांति और करुणा की भावना भारत की महान संस्कृति में सर्वोपरि रही है, मोदी ने कहा कि दूसरे विश्व युद्ध के दौरान जब हर जगह विनाश का भयावह माहौल था, गुजरात के नवानगर के जाम साहब महाराजा दिग्विजय सिंह ने हजारों बच्चों को आश्रय दिया और उन्हें नया जीवन दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ दिन पहले दक्षिणी इस्राइल के मोशाव नेवातिम में जाम साहब की एक प्रतिमा का अनावरण किया गया। यह एक बहुत ही विशेष सम्मान था।

## मन की बात: पीएम मोदी ने 'शहद' की बात, बोले- 11 साल में डेढ़ लाख मीट्रिक टन पहुंचा उत्पादन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के 128वें एपिसोड में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के कार्यक्रम, टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए डेस्टिनेशन वेडिंग, राम मंदिर पर धर्मध्वजा, रामबन सुलाई शहद और देश के अलग-अलग हिस्सों में बनने वाले शहद को लेकर बात की है। इतना ही नहीं उन्होंने इसे मधु क्रांति कहकर संबोधित किया। मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारत शहद उत्पादन में नया रिकॉर्ड बना रहा है और अलग-अलग राज्य में अलग-अलग गुणों से भरपूर शहद का उत्पादन किया जा रहा है। 11 साल पहले तक देश में 76 हजार मीट्रिक टन शहद का उत्पादन होता था, लेकिन अब ये बढ़कर डेढ़ लाख मीट्रिक टन हो चुका है। कृषि मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन के तहत भी मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए बी-बॉक्स बांटे गए हैं, इससे लोगों को रोजगार भी मिला है। लोगों की मेहनत और अलग-अलग राज्यों की परंपराओं और प्रकृति के तालमेल पर बात करते हुए पीएम मोदी ने जम्मू कश्मीर के रामबन में बनने वाला शहद, दक्षिण भारत के पुत्तुर में वनस्पति से बनने वाला शहद, कर्नाटक के तुमकरु में बनने वाला शहद और नगालैंड की क्लीफ हनी हंटिंग के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि राज्यों में बनने वाले हर शहद की अपनी परंपरा और प्रकृति की मिठास है। जम्मू कश्मीर के रामबन में बनने वाले शहद पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वहां सुलाई के सफेद फूलों से शहद तैयार किया जाता है। खास बात ये है कि ये शहद सफेद रंग का होता है और इसे जीआई टैग भी मिला है, जो इसे पूरे देश में पहचान दिलाता है। दक्षिण भारत के पुत्तुर में वनस्पति से बनने वाले शहद को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि यहां की वनस्पतियां शहद बनाने के लिए सबसे उत्कृष्ट मानी जाती हैं। वहां का शहद अब ब्रांच बनकर शहरों में बेचा जा रहा है, जिससे कई हजार ग्रामीण किसानों को रोजगार मिला है। नगालैंड की क्लीफ हनी हंटिंग के बारे में बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ये पूरे देश में शहद बनाने की सबसे खतरनाक तकनीक है। नगालैंड में क्लीफ हनी हंटिंग के जरिए शहद उत्पादन किया जाता है, जहां मधुमक्खियां ऊंची पहाड़ी पर अपना छत्ता बनाती हैं और किसान मधुमक्खियों से आज्ञा लेकर शहद बनाने का काम पूरा करते हैं।

## मन की बात : प्रधानमंत्री मोदी ने की उत्तराखंड के 'विंटर टूरिज्म' पर चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में उत्तराखंड के 'विंटर टूरिज्म' का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 'विंटर टूरिज्म' इन दिनों पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहा है। औली, मुनस्यारी, चोपटा और डेयारा जैसी जगहें तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं। 'मन की बात' कार्यक्रम के 128वें एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने सर्दियां आने के साथ देश में 'विंटर टूरिज्म' को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देशों ने 'विंटर टूरिज्म' को अपनी अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार बना लिया है, जहां स्कीइंग, स्नो-बोर्डिंग, स्नो ट्रेकिंग, आइस क्लाइंबिंग और फैमिली स्नो पार्क जैसे आकर्षण उनकी पहचान बन चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में भी विंटर टूरिज्म की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। ऊंचे पर्वत, सांस्कृतिक विरासत और एडवेंचर के अनूठे अवसर देश को इस क्षेत्र में आगे बढ़ाने की क्षमता रखते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पिथौरागढ़ जिले में 14 हजार फुट से अधिक की ऊंचाई पर हुई पहली 'हाई एल्टीट्यूड अल्ट्रा रन मैराथन' का उदाहरण दिया, जिसमें 18 राज्यों के 750 से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि 60 किलोमीटर लंबी 'आदि कैलाश परिक्रमा रन' का प्रारंभ कड़कड़ाती सर्दी में सुबह 5 बजे हुआ था। इतनी ठंड के बावजूद भी लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। पीएम मोदी ने बताया कि आदि कैलाश की यात्रा पर आने वाले पर्यटकों की संख्या दो हजार से बढ़कर अब तीस हजार के पार पहुंच चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि आने वाले हफ्तों में उत्तराखंड में 'विंटर गेम्स' का आयोजन होना है, जिसके लिए देशभर के खिलाड़ी और एडवेंचर प्रेमी उत्साहित हैं। स्कीइंग, स्नो-बोर्डिंग समेत बर्फ पर होने वाले अनेकों खेलों की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने विंटर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कनेक्टिविटी, इंफ्रास्ट्रक्चर और होमस्टे नीति पर विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने सर्दियों के दौरान 'वेड इन इंडिया' अभियान की बढ़ती लोकप्रियता की बात की।

## संक्षिप्त खबरें

### अनूपपुर: बिजुरी के चौराहे पर स्थित हनुमान मंदिर से चोरी

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के बिजुरी थाना क्षेत्र में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने दान पेटी में रखे रुपये और चांदी का मुकुट को चुराकर ले गये। मंदिर नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित है। ज्ञात हो कि प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल का आवास मंदिर से कुछ ही दूरी पर है। बिजुरी नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में शनिवार-रविवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने मंदिर में रखी दान पेटी को तोड़कर उसमें से नगदी चुरा ली। इसके अतिरिक्त, हनुमान जी की मूर्ति पर लगा चांदी का मुकुट भी गायब है। मंदिर समिति और पुजारी ने बताया कि दान पेटी में नकदी मौजूद थी। चोरों ने पास के शिव मंदिर में भी तोड़फोड़ की है। इसके साथ ही चोरों ने बगल में बने शिव मंदिर में भी दान पेटी का ताला तोड़ कर चोरी की। मंदिर के पुजारी जीवन लाल द्विवेदी ने जानकारी दी कि जब वे सुबह पूजा के लिए मंदिर पहुंचे, तो मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ मिला। दान पेटी का ताला भी टूटा था और हनुमान जी का चांदी का मुकुट गायब था। दान पेटी में रखे रुपये भी नहीं थे। बिजुरी थाना प्रभारी विकास सिंह ने बताया कि मंदिर से लगभग 16 हजार रुपये के सामान की चोरी हुई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रेत से भरी ट्रेक्टर-ट्रॉली पुलिया में पलटी, दबने से चालक की मौत

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-46 पर कुरावर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह ग्राम बरोड़ी जोड़ स्थित 10 फीट गहरी पुलिया में टायर फटने से रेत से भरी ट्रेक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ट्रेक्टर के नीचे दबने से 35 वर्षीय चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरु की। पुलिस के अनुसार हाइवे स्थित ग्राम बरोड़ी स्थित पुलिया में रेत से भरी तेज रफ्तार ट्रेक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ट्रेक्टर चालक 35 वर्षीय मुकेश पुत्र देवचंद गाड़री निवासी बलवटपुरा नरसिंहगढ़ की दबने से मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया है ट्रॉली का टायर फटने से ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर 10 फीट गहरी पुलिया में गिर गया और दबने से चालक की मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि शनिवार देर शाम को मुकेश ट्रेक्टर लेकर गया था और सुबह दुर्घटना के बारे में पता लगा। खबर की जानकारी लगते ही थानाप्रभारी सहित पुलिसबल मौके पर पहुंचा और मशक्कत के बाद शव को पुलिया से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरु की।

### चुनाव: शिंदे ने अंबरनाथ में विकास कार्यों की सराहना की, मेट्रो 'कनेक्टिविटी' का वादा किया

**ठाणे।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने अंबरनाथ में किए गए विकास कार्यों की सराहना की और वादा किया कि अगर उनकी पार्टी आगामी नगर निगम चुनाव में जीत हासिल करती है तो शहर को मेट्रो 'कनेक्टिविटी' से जोड़ा जाएगा। ठाणे जिले के अंबरनाथ शहर में शनिवार देर रात एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शिंदे ने कहा कि वह बालासाहेब ठाकरे के असली शिवसैनिक हैं और अपने सभी वादों को पूरा करते हैं। उन्होंने अंबरनाथ में विकास कार्यों की सराहना की। अंबरनाथ उनके बेटे और कल्याण से सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। उन्होंने प्रमुख विकास पहलों को गिनाया और अंबरनाथ में मेट्रो 'कनेक्टिविटी' व 'ठाणे-मॉडल क्लस्टर' (शहरी नवीनीकरण) योजना का वादा किया। उन्होंने कहा, ''अगर जनता चाहेगी तो अंबरनाथ नगर परिषद चुनाव में हमारे विरोधियों की जमानत जब्त हो जाएगी।'

# नेशनल हेराल्ड प्रकरण में सोनिया-राहुल पर नई FIR राजनीतिक द्वेष की कार्रवाई : प्रमोद तिवारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज नई एफआईआर को राजनीतिक द्वेष की कार्रवाई बताया। प्रमोद तिवारी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अत्याचार, अन्याय और देश की आजादी की लड़ाई में गांधी परिवार ने हमेशा संघर्ष किया है। आजादी की पहली लड़ाई में नेशनल हेराल्ड अख़बार ने अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाई और आज हालात फिर उसी तरह के दिख रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार भी अंग्रेजी शासन की तरह बर्ताव कर रही है और नागरिकों के मौलिक अधिकारों का सम्मान नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि यह



सरकार राजनीतिक द्वेष में काम कर रही है, जिसकी कांग्रेस कड़ी निंदा करती है। गांधी परिवार ने देश की आजादी और जनहित के लिए हमेशा संघर्ष किया है और आगे भी सरकार की नीतियों के खिलाफ लड़ाई जारी रखेंगे। उल्लेखनीय है कि दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडबल्यू) ने नेशनल हेराल्ड प्रकरण में सोनिया गांधी और राहुल गांधी, सैम पित्रोदा सहित छह व्यक्तियों और तीन संस्थाओं एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल), यंग इंडियन तथा कोलकाता स्थित डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड पर एफआईआर दर्ज की है। उनका आरोप है कि कांग्रेस-संबद्ध संस्था एजेएल को छलपूर्वक अपने अधिकार में लेने के लिये आपराधिक षड्यंत्र रचा गया। प्राथमिकी के लिए शिकायत प्रवर्तन निदेशालय ने 3 अक्टूबर को की। निदेशालय ने अपनी जांच प्रतिवेदन दिल्ली पुलिस को सौंपा था और धनशोधन निवारण अधिनियम की धारा 66(2) के अंतर्गत अनुसूचित अपराध दर्ज करने का आग्रह किया था। आरोप में कहा गया कि डोटेक्स, जिसे कथित आवरण-निगम बताया गया है।

# ठाणे पूर्व में यातायात अनुशासन मुहिम में नवंबर में 200 वाहनों पर जुर्माना

**मुंबई।** ठाणे के पूर्वी भाग में कोपरी ट्रैफिक ब्रांच ने अकेले नवंबर महीने में लावारिस, नो-पार्किंग और ट्रैफिक में रुकावट डालने वाली गाड़ियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है और 200 गाड़ियों पर सज़ा का एक्शन लिया है। यह कैंपेन ट्रैफिक ब्रांच के सोशल मीडिया मोबाइल नंबर पर लोगों को मिली तस्वीरों पर तुरंत जवाब देकर असरदार तरीके से चलाया जा रहा है। शांत वार्ड के नाम से मशहूर ठाणे के कोपरी में गाड़ियों की बढ़ती संख्या से कभी-कभी ट्रैफिक जाम हो जाता है। हालांकि लोगों ने हमेशा शिकायत की है कि "कोपरी में कोई एक्शन नहीं



लिया जाता", लेकिन अब हालात बदल गए हैं। जागरूक लोगों और ट्रैफिक ब्रांच के साथ मिलकर ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के खिलाफ तुरंत एक्शन लिया जा रहा है। इसके लिए ट्रैफिक ब्रांच ने एक खास हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। अगर आप इस नंबर पर किसी खाली या गलत तरीके से पार्क की गई गाड़ी की फोटो भेजते हैं, तो ट्रैफिक पुलिस तुरंत उस जगह पर पहुंचेगी और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। कोपरी ट्रैफिक ब्रांच के पुलिस निरीक्षक दिलीप पाटील ने कहा है कि पुलिस कमिश्नर आशुतोष डुंबरे और ट्रैफिक ब्रांच के पुलिस असिस्टेंट पंकज शिरसाठ के गाइडेंस में शुरू की गई इस पहल से कोपरी में ट्रैफिक डिसिप्लिन वापस आ रहा है। इस तरीके को लोगों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। नवंबर महीने में 200 गाड़ियों पर सख्त कार्रवाई की गई है। इसके लिए कोपारी हेल्पलाइन नंबर 7039003866 और 865565 4176 नंबर दिया गया है।

# रायपुर : बस्तर ओलंपिक के संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन 11 से 13 तक

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्रीद्वय अरुण साव और विजय शर्मा ने रविवार को बस्तर ओलंपिक-2025 के संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में 11 दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक इसका आयोजन किया जाएगा। बस्तर ओलंपिक के जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के तीन हजार विजेता खिलाड़ी संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। करीब 500 नक्सल पीड़ित और पुनर्वासित नक्सली भी इन स्पर्धाओं में हिस्सेदारी करेंगे। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के रायपुर के सिविल लाइन स्थित निवास कार्यालय में हुई बैठक में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव यशवंत कुमार भी शामिल हुए। संभागायुक्त डोमन सिंह और पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. के साथ बस्तर संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायतों के सीईओ तथा खेल अधिकारी बैठक में वर्चुअली शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने




बैठक में कहा कि बस्तर ओलंपिक केवल खेलों का आयोजन नहीं है, बल्कि विकास और खेल का संगम है। यह बस्तर के युवाओं के सशक्तीकरण और उनमें नेतृत्व के विकास की पहल है। राज्य सरकार बस्तर के युवाओं को खेल, संस्कृति और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना चाहती है। उन्होंने संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं के सफल और उत्कृष्ट आयोजन के लिए सभी विभागों को परस्पर समन्वय के साथ पुख्ता तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रतिभागियों के लिए की जा रही व्यवस्थाओं में किसी भी तरह की कमी या खामी नहीं छोड़ते हुए आयोजन स्थलों, खेल प्रबंधन, आवास, साफ-सफाई, भोजन, परिवहन, सुरक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों इत्यादि के लिए उत्कृष्ट व्यवस्थाएं बनाने को कहा। श्री साव ने कहा कि बस्तरवासियों के साथ ही देश और दुनिया में बस्तर ओलंपिक का बहुत अच्छा और सकारात्मक संदेश जाना चाहिए। उप मुख्यमंत्री तथा गृह मंत्री श्री विजय शर्मा ने बस्तर ओलंपिक के आयोजन से जुड़े सभी विभागों और अधिकारियों को इसे यादगार बनाने अपनी-अपनी भूमिका और कार्यों के अनुरूप दायित्वों का गंभीरता व सक्रियता से वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने बस्तर के युवाओं को खेलों से जोड़ने तथा उनकी ऊर्जा को रचनात्मक कार्यों में लगाने के लिए प्रेरित करने स्थानीय लोगों के साथ ही ज्यादा से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय खिलाड़ियों को बस्तर ओलंपिक के संभाग स्तरीय आयोजन से जोड़ने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को पिछले बस्तर ओलंपिक के विजेताओं और इस बार के विजेताओं को यूथ-आइकॉन बनाकर ज्यादा से ज्यादा गतिविधियों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा जिससे अन्य लोग भी प्रेरित हों। बस्तर जिले के प्रभारी खेल अधिकारी ऋषिकेश तिवारी ने बैठक में बताया कि बस्तर ओलंपिक में भाग लेने के लिए संभाग के सभी 32 विकासखंडों के कुल तीन लाख 91 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने अपना पंजीयन कराया था।

# प्रधानमंत्री मोदी ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की

**रायपुर/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां चल रहे तीन दिवसीय 60वें अखिल भारतीय डीजीपी-आईजीपी सम्मेलन में रविवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अनौपचारिक चर्चा की। दिन की शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी द्वारा योग सत्र के साथ हुई, जिसके बाद सुबह 8:30 बजे सभी अधिकारियों के साथ औपचारिक फोटो सेशन आयोजित किया गया। लगभग नौ बजे मोदी ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नाश्ते पर अनौपचारिक चर्चा की। करीब 10 बजे से मुख्य सत्रों की शुरुआत होगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे टी ब्रेक के बाद आर एवं एडब्ल्यू अधिकारियों बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य और बाहरी खतरों पर विस्तृत प्रजेंटेशन देंगे। इसके उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देशभर से आए प्रतिनिधियों और लोगों से मुलाकात निर्धारित है। इसी दौरान इंटेलिजेंस ब्यूरो के चुनिंदा अधिकारियों को प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जाएगा।

दोपहर तीन बजे शहरी क्षेत्रों में प्रभावी पुलिसिंग के लिए चयनित तीन शहरों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जिसके बाद प्रधानमंत्री सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात पुरस्कार विजेताओं के साथ विशेष फोटो सत्र होगा। लगभग शाम चार बजे मोदी आईआईएम परिसर से प्रस्थान करेंगे। मोदी के रवाना होने के बाद 4:40 बजे पुलिस स्पोर्ट्स और उससे जुड़े विषयों पर एक विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। शाम 5:10 बजे इस सम्मेलन का औपचारिक समापन होगा।

यह वार्षिक सम्मेलन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विभिन्न आयामों पर विचार साझा करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। सम्मेलन में पेशेवर प्रथाओं, अपराध नियंत्रण, आंतरिक सुरक्षा और पुलिस बलों की चुनौतियों जैसे विषयों पर व्यापक विमर्श होता है।

# मुख्यमंत्री मोहन यादव के बेटे की शादी में बाबा रामदेव ने पढ़े मंत्र

## धीरेन्द्र शास्त्री से बोले- ऐसे ही कराएंगे आपका विवाह

**उज्जैन/भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के छोटे बेटे अभिमन्यु की शादी की रविवार को उज्जैन के सांवराखेड़ी में आयोजित सामूहिक सम्मेलन में संपन्न हुई। वरमाला के दौरान योग गुरु बाबा रामदेव ने मंत्र पढ़े। सभी रस्मों के बाद मुख्यमंत्री वर-वधू से मिले और उन्हें आशीर्वाद दिया। शादी की रस्मों के दौरान बाबा रामदेव ने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से कहा कि महाराज, आपका विवाह भी ऐसे ही सामूहिक सम्मेलन में कराएंगे। सामूहिक सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मंत्री तुलसी सिलावट और अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी भी मौजूद रहे। इस मौके पर अखाड़ा परिषद सभी जोड़ों को सवा लाख रुपये और पतंजलि पीठ की ओर से बाबा रामदेव ने एक-एक लाख रुपये देने की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के छोटे



पुत्र डॉ. अभिमन्यु की शादी खरगोन निवासी डॉ. इशिता के साथ रविवार को उज्जैन के पावन शिप्रा तट सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुई। सम्मेलन में कुल कन्याओं को विवाह संपन्न हुआ। इस दौरान परोपकार और परंपरा का अद्वितीय संगम देखने को मिला। विवाह परिसर दिनभर मंगलध्वनियों, उत्साह और आशीर्वादों से सराबोर रहा। रविवार सुबह सुबह आठ बजे इम्पीरियल चौराहा से बरात रवाना हुई। ढोल-ताशों और लोकनृत्य की रौनक के बीच शोभायात्रा में मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट सहित कई मंत्री, विधायक, जनप्रतिनिधि और गणमान्य




अतिथि शामिल रहे। विवाह स्थल पहुंचते ही आकर्षक मंच पर सभी नवयुगलों की वरमाला रस्म सम्पन्न कराई गई, जिसके बाद पूरा परिसर तालियों और शुभकामनाओं से गूंज उठा। आशीर्वाद समारोह में मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल तथा योग गुरु बाबा रामदेव की विशेष उपस्थिति रही। राज्यपाल और बाबा रामदेव ने इस आयोजन को सामाजिक उत्तरदायित्व, संस्कार और संवेदनशीलता का प्रेरक उदाहरण बताया। इसके बाद 22 विशेष रूप से निर्मित मंडपों में एक साथ पाणिग्रहण और सप्तपदी की रस्में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुईं। यादव परिवार ने प्रत्येक नवविवाहित दंपती को संपूर्ण गृहस्थी सामग्री और मोटरसाइकिल भेंट कर नया जीवन शुरू करने के लिए सहयोग का भाव व्यक्त किया। बिना उपहार के केवल आशीर्वाद स्वीकार करने का निवेदन आयोजन की सबसे विशेष भावनात्मक पहचान बना। सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था और सटीक प्रबंधन के बीच समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। शिप्रा तट पर हुआ यह अनोखा आयोजन सामाजिक सद्भाव, संवेदना और साझा उल्लास की अमिट याद छोड़ गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 16 संस्कारों से हमारा सनातन संस्कृति से जुड़ाव है। ये प्रधानमंत्री के मूल भाव सबका साथ, सबका विकास की अवधारणा पर हम काम कर रहे। यहां कोई बड़ा नहीं, कोई छोटा नहीं। सब दूल्हा- दुल्हन महाराज समान है। सब आज लखपति हो गए। मुख्यमंत्री विवाह सम्मेलन में आए सभी जोड़ों से मिले और उन्हें आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि सभी वर-वधू मेरे बेटे-बेटियों के समान हैं। वहीं, पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि संपूर्ण भारत में आज नवाचार हुआ। सामाजिक समरसता का संदेश आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़ी ही सहजता से दिया है। ये अभूतपूर्व कार्य है। ऐसे कार्य से समरसता आएगी, बेटी के पिता पर ना कर्ज होगा न विवाह पर ज्यादा खर्च। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री संबोधित कर रहे थे, तभी योग गुरु बाबा रामदेव ने माइक हाथ में लिया और कहा कि वेडिंग डेस्टिनेशन का कांसेप्ट सराहनीय है।

### जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुनीं करीब 200 लोगों की समस्याएं

# घबराइए मत, हर समस्या का होगा समाधान : योगी आदित्यनाथ

**गोरखपुर।** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन, रविवार सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा, 'घबराइए मत, हर समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। हर पीड़ति की शिकायत का प्रभावी निस्तारण कराया जाएगा।'

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ति व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी निस्तारण कराएं। इससे पहले शनिवार को भी सीएम ने जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं थीं। रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं



और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में महिलाओं की संख्या अधिक रही। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और उनकी समस्याएं सुनीं। सीएम ने उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का त्वरित और पारदर्शी निस्तारण कराया जाए।जनता दर्शन में कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर सीएम योगी ने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी गरीब की जमीन पर यदि कोई कब्जा करने की कोशिश करे तो उसे ठीक से सबक सिखाया जाए। गरीब की जमीनों पर दबंग या माफिया का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ति को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए। जनता दर्शन में अंबेडकरनगर से आई एक महिला ने बाजार गए अपने बच्चे के साइकिल सहित गायब होने की पीड़ा बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इस प्रकरण को संवेदनशीलता से लिया जाए और बच्चे का पता लगाने को जरूरी कदम उठाए जाएं।

## मां की गोद से डेढ़ साल के बच्चे को उठा ले गया तेंदुआ, गांव के बाहर क्षत-विक्षत शव मिल

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के सोहलेवा वन क्षेत्र में सोते समय मां की गोद से एक तेंदुआ डेढ़ वर्षीय बच्चे को उठा ले गया और उसका क्षत-विक्षत शव गांव के बाहर जंगल के पास मिला है।

वन विभाग के एक अधिकारी ने रविवार को इसकी पुष्टि की। क्षेत्रीय वनाधिकारी मनोज कुमार ने रविवार को बताया कि बनकटवा रेंज के नेवलगंज के रेहरा झोहना गांव में शनिवार रात धन्नावती अपने डेढ़ वर्षीय बेटे रोहित के साथ घर के बरामदे में सो रही थी। उन्होंने बताया कि रात करीब दो बजे बच्चे के रोने की आवाज सुन कर आंख खुली तो तेंदुआ बच्चे को मुंह में दबा कर जा रहा था। उन्होंने बताया कि बच्चे को ले जाता देख धन्नावती ने शोर मचाया, जब तक घर वाले आते तेंदुआ उसे को लेकर गायब हो चुका था। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बच्चे की तलाश शुरू की तो उसका क्षत-विक्षत शव गांव के पश्चिम में जंगल के पास मिला। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जिलाधिकारी विपिन जैन ने रविवार को बताया कि तेंदुए की तलाश के लिए ट्रैपिंग कैमरे लगवाए जा रहे है, वन विभाग की तीन टीमें बना दी गई है। उन्होंने बताया कि वन्य जीवों के लगातार बढ़ रहे हमलों को देखते हुए ड्रोन कैमरे भी लगवाने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा है कि अपने घर के बाहर बल्ब आदि जलाकर रोशनी जरूर रखे तथा घरों को अंदर से बंद करके सोए।

उन्होंने जंगल के किनारे रहने वाले ग्रामीणों से कहा है कि दिन में भी अपने बच्चों को जंगल के आस पास अकेला न जाने दें। उल्लेखनीय है कि सोहेलवा वन क्षेत्र में पिछले एक पखवारे में वन्य जीवों के हमलों में तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

## ट्रक की टक्कर से टेंपो सवार पति-पत्नी की मौत

**बरेली।** जिले के इज्जतनगर थाना इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग पर कैंटर (ट्रक) की टक्कर से टेंपो सवार पति-पत्नी की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार इज्जतनगर थाना क्षेत्र में लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार आधी रात के बाद तेज रफ्तार कैंटर ने टेंपो को टक्कर मार दी, जिससे शादी समारोह से लौट रहे टेंपो सवार दंपती की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे में दंपती की बेटी और टेंपो चालक घायल हो गए। इज्जतनगर थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विजेंद्र सिंह ने बताया कि मरने वालों की पहचान सरिता सिंह (44) और पंकज सिंह (50) के तौर पर हुयी है। उन्होंने बताया कि दोनों शवों को रविवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## महिला आरक्षी का शव कमरे में रस्सी से लटका मिला, जांच शुरू

**अलीगढ़।** जिले के रोरावर थाना में तैनात एक महिला आरक्षी का शव बन्नादेवी क्षेत्र में स्थित उसके किराए के मकान से बरामद हुआ। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मामले में जांच की जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) कमलेश कुमार ने बताया कि मृत आरक्षी की पहचान रोरावर थाना में तैनात सिपाही हेमलता (28) के रूप में हुई है।

क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार ने रविवार को बताया कि शनिवार दोपहर जब पुलिस आरक्षी हेमलता की एक दोस्त उसके घर गई, तो उसने उसका शव कमरे में रस्सी से लटका हुआ पाया। उसने तुरंत बन्ना देवी थाने को सूचित किया। सूचना मिलते ही एक फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए। कुमार ने कहा कि हेमलता आगरा की रहने वाली थी और उसके परिवार को तुरंत सूचित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद उसका शव उसके परिवार को सौंप दिया गया है।

### युवक और लड़की ने जहर खाकर आत्महत्या की



**बिजनौर।** जिले के धामपुर थाना इलाके में 20 वर्षीय युवक और उसकी कथित नाबालिग प्रेमिका ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अभय कुमार पांडेय ने बताया कि थाना धामपुर के गांव पीपला में शनिवार को विपुल (20) ने जहर खाकर जान दे दी। पांडेय ने बताया कि स्योहारा इलाके में एक अलग घटना में 16 वर्षीय एक लड़की ने विपुल से फोन पर बात करने के तुरंत बाद जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि दोनों के बीच प्रेम था। उन्होंने कहा कि मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## खून से लथपथ शव मिला, हत्या का अंदेशा

**चंदौली।** जिले के मुगलसराय कोतवाली थाना क्षेत्र से रविवार सुबह एक युवक का खून से लथपथ शव बरामद किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुगलसराय कोतवाली थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) गगनराज सिंह ने बताया कि करीब 30 वर्षीय युवक का शव थाना क्षेत्र स्थित मढ़िया से बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि शव की पहचान नहीं हो पाई है। एसएचओ ने बताया कि मृतक के सिर और चेहरे पर गंभीर चोट के निशान हैं, इससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है और शव की शिनाख्त के प्रयास जारी है। प्रादेशिक चंदौली

## पुलिस ने किया अवैध शस्त्र फैक्टरी का भंडाफोड़, तीन लोग गिरफ्तार

**मेरठ ।** जिले के खिम्मीपुरा खोला में जंगलों के भीतर संचालित अवैध हथियार निर्माण फैक्टरी का भंडाफोड़ कर पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। हस्तिनापुर थाने के प्रभारी शशांक द्विवेदी ने बताया कि खिम्मीपुरा खोला के जंगल में की गई घेराबंदी के बाद ताज मोहम्मद, सोनू और सूरज नामक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, वहीं एक आरोपी फरार हो गया जिसकी पहचान विजेंद्र उर्फ बिंदर के रूप में की गई है।



उन्होंने बताया कि मौके से 315 बोर और 312 बोर की बंदूकें, तमंचे, अधबने असलहे, लोहे की नालें, ड्रिल मशीन, ब्लेड, छेनी, हथौड़ी, स्प्रिंग, वेल्डिंग रॉड, कोयला आदि बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास है और इनके खिलाफ आयुध अधिनियम और अन्य गंभीर धाराओं में कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है, जबकि फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

## तालाब में कार समेत डूब रहे चालक को दो राहगीरों ने बचाया

**पीलीभीत।** जिले के टनकपुर हाईवे स्थित तालाब में कार समेत डूब रहे चालक को दो राहगीरों ने जान जोखिम में डालकर बचा लिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपक चतुर्वेदी ने बताया कि एक कार तालाब में गिर गई थी और दो युवकों के सहयोग से कार को निकाल कर घायल चालक को अस्पताल भेज दिया गया। सुनगढ़ी के शुभम (25) द्वारा चलाई जा रही एक कार नियंत्रण खो बैठी और गौहनिया तालाब में गिर गई। उप जिलाधिकारी विजयवर्धन तोमर ने कहा कि शब्बीर और दिनेश ने ड्राइवर को बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर अदम्य साहस का परिचय दिया है।

## पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो पशु तस्करों को किया गिरफ्तार




**सोनभद्र ।** जिले के रायपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) राज सोनकर ने बताया कि खलियारी दरमा मार्ग पर थाना रायपुर और थाना माची की साझा पुलिस टीम गश्त कर रही थी, तभी एक वाहन आते दिखाई दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने वाहन को रोका तो चालक ने रुकने के बजाय रफ़्तार बढ़ा दी और तेज गति से भागने लगा, लेकिन रास्ता कच्चा होने के कारण वाहन फंस गया। उन्होंने बताया कि वाहन रुकने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी की जिसके बाद वाहन सवार बदमाश ने पुलिस टीम पर गोली चला दी।

सीओ ने बताया कि इस पर पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसमें एक गोली अभियुक्त जियाउल उर्फ जियाउद्दीन के पैर में लग गई, घायल अभियुक्त को गिरफ़्तार कर वैनी स्थित अस्पताल में भर्ती कराया है। इसके अतिरिक्त एक अन्य अभियुक्त रिशु यादव को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सोनकर ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस ने सात गोवंश, दो देशी तमंचा, एक खोखा ,तीन मोबाइल फ़ोन बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बिजनौर में दिल का दौरा पड़ने से महिला बीएलओ की मौत

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में दिल का दौरा पड़ने से बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) के पद पर तैनात एक महिला की मौत हो गई। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल चौबे ने बताया कि बिजनौर के धामपुर क्षेत्र के मोहल्ला बाड़वान के बूथ संख्या 97 की बूथ स्तरीय अधिकारी शोभारानी (56) की शनिवार को मुरादाबाद के अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। मृतका के पति कृपाल सैनी ने बताया कि शोभा मधुमेह की मरीज थी और बीमार चल रही थी। शुक्रवार देर रात तक मतदाता सूची के एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) फार्म आनलाइन अपलोड करती रही। रात में ही उसके सीने में दर्द होने लगा तो अस्पताल लेकर गये थे। घर में बेटे की शादी की तैयारियां चल रही थीं। जिला कार्यक्रम अधिकारी के अनुसार काम को लेकर बीएलओ पर कोई दबाव नहीं था। शोभा रानी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता थीं

## मदनी का बयान देश को भ्रमित करने और मुसलमानों को उकसाने वाला: मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी

**बरेली/बाराबंकी।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने जमीयतुल उलमा के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी के ''जुल्म हुआ तो जिहाद होगा'' वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उनका (मदनी) बयान समाज को बांटने, देश को भ्रमित करने और मुसलमानों को भड़काने वाला है। बरेलवी ने कहा, ''उच्चतम न्यायालय ही नहीं बल्कि सभी अदालतों पर मुसलमानों का भरोसा है। संसद जनता के हितों के लिए काम करती है और हमें भरोसा है कि कोई भी सरकार जनता के हितों के खिलाफ काम नहीं करती, हर सरकार संविधान के दायरे में रहकर जनता के जन कल्याण के लिए काम करती है।''

भोपाल में जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एमएम) के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी ने शनिवार को आरोप लगाया कि देश में एक समूह के 'वर्चस्व' को स्थापित करने के लिए ''संगठित प्रयास'' किए जा रहे हैं, जिनमें बुलडोजर कार्रवाई, भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या करना और वक्फ को कमजोर करना शामिल है। जमीयत (एमएम) की कार्यकारिणी बैठक में मदनी ने कहा कि



बाबरी मस्जिद फैसले और ऐसे कई दूसरे फैसलों के बाद यह बात जोर पकड़ रही है कि अदालतें सरकारों के दबाव में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर उच्चतम न्यायालय अपना कर्तव्य नहीं निभाता है तो वह शीर्ष अदालत कहलाने का हकदार नहीं है। उन्होंने कहा, ''वक्फ हमारे पुरखों की विरासत है।

हम इसे ऐसे जाते हुए नहीं देख सकते।'' मदनी ने आरोप लगाया, ''लेकिन नए कानून से सरकार ने कामकाज और आदर्शों को नुकसान पहुंचाया है।'' जमीयत प्रमुख ने कहा, ''जमीयत ने संयुक्त संसदीय समिति में इसका विरोध किया था। हम यह साफ करना चाहते हैं कि सरकारों को हमारे धार्मिक कामों में दखल नहीं देना चाहिए। हम लड़ेंगे और आखिरी सांस तक लड़ेंगे।'' मदनी के बयान पर नाराजगी जाहिर करते हुए मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा, ''भारत के करोड़ों मुसलमान उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए फैसलों का सम्मान करते हैं।'' बरेलवी ने आरोप लगाया, ''मौलाना मदनी देश के मुसलमानों को उकसा रहे हैं। इस वक्त भारत में अमन व शांति है, वे इस शांति के वातावरण को खराब करना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा, ''मैं मौलाना मदनी के बयान की कड़ शब्दों में निंदा करता हूं और भारत के मुसलमानों से अपील करता हूं कि इस तरह के उल जलूल बयानों से अपने आप को बचाएं तथा विवादित बयानों और समाज को तोड़ने वाले बयानों पर ध्यान न दें।'' ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने जमीयत उलेमा हिंद के सदर मौलाना महमूद मदनी के बयान की निंदा की और कहा कि मदनी का बयान देश के मुसलमानों को भड़काने वाला है। बाराबंकी में राईन ने रविवार को कहा, ''पसमांदा मुसलमान इनके (मदनी के) चक्कर में आने वाला नहीं है, पसमांदा मुसलमान राष्ट्रवादी देश प्रेमी है और वह विदेशी मुसलमानों के साथ नहीं है, वह देश के साथ, देश की सरकार के साथ है।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''मदनी एंड कंपनी पंजे वाली पार्टी (कांग्रेस) से डील करते थे और अब ये दुकान बंद होने की कगार पर है क्योंकि पसमांदा मुसलमान जागरूक हो गए हैं।''

## वाराणसी रोडवेज बस स्टेशन से जल्द चलेंगी 78 नई बसें, पूर्वांचल के यात्रियों को मिलेगा बड़ा राहत



**वाराणसी।** पूर्वांचल के यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। वाराणसी कैंट स्थित रोडवेज बस स्टेशन से जल्द ही 78 नई बसों का संचालन शुरू होने जा रहा है। इसके लिए परिवहन विभाग ने तैयारी तेज कर दी है और बस संचालन से जुड़े टेंडर भी जारी कर दिए गए हैं। इच्छुक संचालक 18 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

नई बसें वाराणसी से गाजीपुर, चंदौली और जौनपुर के बीच 100 से अधिक महत्वपूर्ण रूटों पर दौड़ेंगी। इससे प्रतिदिन इन जिलों के बीच यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को सीधी और सुविधाजनक परिवहन सेवा उपलब्ध होगी। फिलहाल कम बसों के चलते यात्रियों को लंबे इंतजार और भीड़भाड़ की समस्या का सामना करना पड़ता है।

क्षेत्रीय प्रबंधक परशुराम पांडेय ने बताया कि बसों का संचालन निजी संचालकों के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए संपूर्ण चयन प्रक्रिया ऑनलाइन रखी गई है, जिससे पारदर्शिता और तेजी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि नई बसें जुड़ने से न केवल यात्रियों की परेशानियां कम होंगी, बल्कि परिवहन व्यवस्था भी अधिक सुचारू और विश्वसनीय बनेगी।

## रन फॉर केटीएस में दौड़े युवा, काशी-तमिल संगमम के जरिए राष्ट्रीय एकता का दिया संदेश

**वाराणसी।** बीएचयू परिसर रविवार की सुबह ऊर्जा, उत्साह और राष्ट्रीय एकता के रंग में रंग गया, जब काशी-तमिल संगमम 4.0 के अंतर्गत आयोजित 'रन फॉर केटीएस 4.0' मैराथन में सैकड़ों युवाओं ने भाग लेकर सांस्कृतिक एकता का शानदार प्रदर्शन किया। सुबह 7:30 बजे मालवीय भवन से शुरू होकर रविदास गेट तक आयोजित इस दौड़ ने न केवल बीएचयू परिसर को उत्साह से भर दिया, बल्कि उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक विरासत के गहरे संबंधों को भी मजबूती से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत बीएचयू कुलपति प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी ने हरी झंडी दिखाकर की। उन्होंने कहा कि युवाओं के उत्साहपूर्ण सहभागिता से यह स्पष्ट है कि बीएचयू राष्ट्र की एकता और सांस्कृतिक सह-अस्तित्व का केंद्र बना हुआ है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में देश के हर राज्य से छात्र आते हैं, जिससे यहाँ स्वाभाविक रूप से विविधता में एकता का वातावरण बनता है। काशी-तमिल संगमम इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्राचीन सभ्यता, आध्यात्मिकता और संस्कृति के आदान-प्रदान




को नई ऊर्जा प्रदान करता है। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक, फिजिकल एजुकेशन विभाग के प्रो. भुवन चंद्र कपरी ने बताया कि 'रन फॉर केटीएस 4.0' केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि काशी और तमिलनाडु की ऐतिहासिक साझेदारी को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित कर खेल और संस्कृति, दोनों क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है।

सह-संयोजक एवं असिस्टेंट डायरेक्टर (रैकेट गेम्स) डॉ. राजीव कुमार सिंह ने बताया कि इस बार मैराथन में बीएचयू के अलावा आसपास के कॉलेजों और समुदाय के युवाओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रतिभागियों के उत्साह, अनुशासन और खेल भावना ने कार्यक्रम को और प्रभावी बनाया। नोडल ऑफिसर प्रो. अंचल श्रीवास्तव ने पूरे आयोजन की निगरानी की। उन्होंने बताया कि काशी-तमिल संगमम बीएचयू की एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक पहल है, जो उत्तर और दक्षिण भारत के प्राचीन ऐतिहासिक संबंधों को वर्तमान में जीवंत करती है। रन फॉर केटीएस 4.0 इसी सांस्कृतिक सेतु को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण आयोजन साबित हुआ। दौड़ शुरू होने से पहले प्रतिभागियों को सुरक्षा दिशा-निर्देशों, मार्ग और कार्यक्रम के उद्देश्य की जानकारी दी गई।

संकेत मिलते ही सैकड़ों युवाओं ने जोश के साथ दौड़ शुरू की, जिससे पूरा परिसर उत्साह से गूंज उठा। इस आयोजन ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि काशी और तमिलनाडु की सांस्कृतिक साझेदारी कितनी मजबूत है। 'रन फॉर केटीएस 4.0' ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' को वास्तविक रूप से चरितार्थ करते हुए विविधता में एकता का सशक्त संदेश दिया।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल की अंत्येष्टि

**कानपुर।** कानपुर में गंगा नदी के भैरव घाट पर रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल की अंत्येष्टि हुई जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि रविवार को कानपुर की सड़कों पर अभूतपूर्व सम्मान के साथ हजारों लोग पूर्व केंद्रीय मंत्री और तीन बार सांसद रहे श्रीप्रकाश जायसवाल को अंतिम विदाई देने उमड़ पड़े। जायसवाल (81) का शुक्रवार शाम को लंबे समय से अस्वस्थ रहने के बाद हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। उनके पार्थिव शरीर को कनाडा में रहने वाले उनके बेटे सिद्धार्थ के दो दिन बाद रविवार सुबह आने तक जनता के दर्शन के लिए रखा गया था। नगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन गुप्ता ने बताया कि अंतिम संस्कार की यात्रा सुबह लगभग 11:50 बजे लाल बंगला के पोखरपुर स्थित उनके आवास से शुरू हुई, जहां 5,000-6,000 लोग एकत्रित हुए। जैसे ही शवयात्रा अपराह्न 12:25 बजे कैनाल रोड स्थित उनके पैतृक घर पहुंची, समर्थकों ने जब तक सूरज चांद रहेगा, श्रीप्रकाश तुम्हारा नाम रहेगा और श्रीप्रकाश अमर रहे के नारे लगाए।

# अभिषेक ने सैयद मुश्ताक अली टी20 में 12 गेंदों में जड़ा संयुक्त रूप से तीसरा सबसे तेज अर्धशतक



**हैदराबाद।** भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बंगाल के खिलाफ ग्रुप सी मैच पंजाब के लिए 148 रन की आक्रामक दौरान संयुक्त रूप से तीसरा सबसे तेज अर्धशतक जड़ा। यह टी20 किसी भारतीय का संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। उन्होंने अपनी पारी में 16 छक्के लगाये जो पुनीत बिष्ट के 17 छक्के के रिकॉड के बाद दूसरे स्थान पर है।

बिष्ट ने 2021 में मेघालय का प्रतिनिधित्व करते हुए मिजोरम के खिलाफ 17 छक्के जड़े थे। अभिषेक ने अपनी शुरुआती 12 गेंदों में सिर्फ एक डॉट गेंद खेली जिसमें पांच छक्के और इतने की चौके की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होने इसके साथ ही अपने मेटोर (मार्गदर्शक) युवराज सिंह की बराबरी की जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में यह कारनामा किया था। दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज ने अपनी आक्रामक पारी में कुल 16 छक्के और आठ चौके लगाए। उन्होंने सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह के साथ 12.3 ओवरों के में 205 रन की साझेदारी की। वह एक पारी 16 छक्के जड़कर अफगानिस्तान के हजरतुल्लाह जजई और न्यूजीलैंड के फिन एलन जैसे बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गये है। एस्टोनिया के भारतीय मूल के साहिल चौहान के नाम एक टी20 पारी में सर्वाधिक छक्के (18) लगाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने जून 2024 में साइप्रस के खिलाफ यह कारनामा किया था। अभिषेक ने भारतीय गेंदबाज मोहम्मद शमी और आकाश दीप की मौजूदगी वाले बंगाल के तेज गेंदबाजी आक्रमण का बेखौफ अंदाज में सामना किया। उन्होंने बंगाल के गेंदबाजों के खिलाफ मैदान की हर दिशा में रन बाउंड्री लगाये जिसमें ज्यादा रन स्ट्रेट और लेग साइड में आये। पुरुषों के टी20 में किसी भी भारतीय के लिए सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड आशुतोष शर्मा के नाम है। उन्होंने 2023-24 में सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी मैच में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ रेलवे की ओर से खेलते हुए 11 गेंदों में यह रिकॉर्ड बनाया था। इस तरह अभिषेक पुरुष टी20 में 12 गेंदों पर अर्धशतक पूरा करने वाले युवराज, वेस्टइंडीज के महान क्रिस गेल, जजई और चौहान जैसे खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गये।

टी20 में सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी के नाम है, जिन्होंने 2023 में हांग्झोउ एशियाई खेलों में मंगोलिया के खिलाफ मात्र नौ गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया था। अभिषेक की 52 गेंद की इस पारी के बूते बंगाल ने पांच विकेट पर 310 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। प्रभसिमरन ने 35 गेंद की पारी में आठ चौके और चार छक्के लगाये। टीम के लिए रमणदीप सिंह ने 15 गेंद में 39 और सनवीर सिंह ने नौ गेंद में 22 रन की आक्रामक पारी खेली। मोहम्मद शमी ने चार ओवर में 61 रन पर एक विकेट जबकि आकाशदीप ने 55 रन पर दो विकेट चटकाये।

## एचसीएल स्क्वाश इंडियन टूर 4 में सेंथिलकुमार, अनाहत होंगे दावेदार

**चेन्नई।** शीर्ष वरीयता प्राप्त वेलवन सेंथिलकुमार और अनाहत सिंह सोमवार से यहां शुरू हो रहे एचसीएल स्क्वाश इंडियन टूर 4 में खिता के दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। पंद्रह हजार डॉलर पुरस्कार राशि वाले इस पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता में अनुभवी जोशना चिनप्पा (पूर्व महिला विश्व नंबर 10 हैं) और पुरुष विश्व नंबर 51 वीर चोटरानी सहित कई अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश करेंगे। सेंथिलकुमार, अनाहत, जोशना, और एशियाई खेलों में कई पदक जीतने वाले अभय सिंह नौ से 14 दिसंबर के बीच इस महानगर में होने वाले आगामी एसडीटी विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल हैं। अभय इस सप्ताह हांगकांग में पीएसए प्लैटिनम स्पर्धा में चुनौती पेश करेंगे।

## वोहरा के अर्धशतक से चंडीगढ़ ने महाराष्ट्र को हराया

**कोलकाता।** सलामी बल्लेबाज मनन वोहरा की 48 गेंद में नाबाद 72 रन की पारी की बदौलत चंडीगढ़ ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप बी मैच में रविवार को यहां महाराष्ट्र को पांच विकेट से हरा दिया। टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए महाराष्ट्र ने अर्शिन कुलकर्णी की 41 गेंद में 47 रन की पारी से 20 ओवर में सात विकेट पर 139 रन का स्कोर खड़ा किया। विक्की ओस्तवाल ने 28 जबकि निखिल नाईक ने 24 रन का योगदान दिया। चंडीगढ़ की ओर से संदीप शर्मा ने 18 रन पर दो विकेट चटकाए। जगजीत सिंह, निखिल शर्मा, राहुल सिंह और भागमेंदर लाठेर ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए चंडीगढ़ ने 6.2 ओवर में 43 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन वोहरा ने पारी को संभाला जिससे टीम ने दो गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 142 रन बनाकर जीत दर्ज की। वोहरा ने 48 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके और दो छक्के मारे। उन्होंने निखिल ठाकुर (36) के साथ चौथे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी की। प्रशांत सोलंकी (22 रन पर एक विकेट) ने निखिल को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। लाठेर भी 13 रन बनाकर रन आउट हो गए जिसके बाद वोहरा ने निखिल शर्मा (नाबाद 05) के साथ मिलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

## मेस्सी की टीम इंटर मियामी ने एनवाईसीएफसी पर जीत से एमएलएस कप फाइनल का टिकट कटाया

**फोर्ट लाउडरडेल।** इंटर मियामी ने शनिवार रात न्यूयॉर्क सिटी एफसी को 5-1 से हराकर ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस का खिताब जीतने के साथ ही एमएलएस कप के फाइनल में अपनी जगह पक्की की जिससे दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी का एक और ट्रॉफी के लिए खेलना लगभग पक्का हो गया। इंटर मियामी की इस जीत में हालांकि मेस्सी के हमवतन और अर्जेंटीना टीम के उनके साथी खिलाड़ी तादेओ अलेंदे का सबसे बड़ा योगदान रहा जिन्होंने गोल की हैट्रिक पूरी की।

टीम के लिए जोर्डी अल्बा और सर्जियो बुस्केट्स ने भी एक-एक गोल किये। आठ बार के बैलन डी'ओर विजेता मेस्सी के लिए यह मुकाबला कोई खास नहीं रहा लेकिन उन्होंने टीम की शुरुआती दो गोल में मददगार की भूमिका निभाई। यह क्लब और राष्ट्रीय टीम को मिलाकर मेस्सी के लिए 405 वां मदद था जो गोल में बदला। फुटबॉल के इतिहास में इसे सबसे अधिक सफल मदद माना जाता है। इंटर मियामी की टीम एमएलएस कप फाइनल में सैन डिएगो या वैंकूवर के बीच होने वाले वेस्टर्न कांफ्रेंस के विजेता टीम की शनिवार को मेजबानी करेगी।

## फोडेन के आखिरी क्षणों में गोल से मैनचेस्टर सिटी ने लीड्स को हराया

**मैनचेस्टर।** फिल फोडेन के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग मैच में लीड्स के खिलाफ 3-2 की रोमांचक जीत दर्ज की। सिटी की टीम के लिए दिग्गज एर्लिंग हालैंड एक बार फिर गोल करने में नाकाम रहे। मुकाबला 2-2 की बराबरी की ओर बढ़ रहा था लेकिन फोडेन ने स्टॉपेज समय के शुरुआती मिनट में गोल कर मैनचेस्टर सिटी को अंक साझा करने से बचा लिया। इस जीत से सिटी की टीम तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गयी। उसके और शीर्ष पर काबिज आर्सेनल के बीच चार अंकों का फासला है। फोडेन से इससे पहले मैच के 59वें सेकंड में ही पहला गोल दाग कर सिटी का खाता खोला दिया था। जोस्को ग्वार्डिलो ने 25वें मिनट में टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। डोमिनिक कार्लवेट लुइस (49वां मिनट) और लुकास एनमेशा (56वां मिनट) ने दूसरे हाफ में सात मिनट के अंदर दो गोल कर स्कोर को बराबर कर दिया। नॉर्वे के हालैंड सिटी के लिए लगातार तीन मैचों में गोल करने में नाकाम रहे हैं। इससे पहले उन्होंने क्लब और देश के लिए अपने पिछले 18 मैचों में से 17 में गोल किये थे। प्रीमियर लीग में उनके नाम 99 गोल है।

# रसेल ने IPL से संन्यास की घोषणा की, KKR के सपोर्ट स्टाफ में 'पावर कोच' के रूप में शामिल हुए

**कोलकाता।** आक्रामक हरफनमौला आंद्रे रसेल ने 16 दिसंबर को होने वाली मिनी नीलामी से पहले रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास की घोषणा के साथ बताया कि वह तीन बार की विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स(केकेआर) के कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे। सैंतीस साल के रसेल आईपीएल 2014 से केकेआर टीम का अभिन्न अंग रहे हैं। वह 2026 सत्र से पहले 'पावर कोच' के रूप में टीम के कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे।

आईपीएल के आगामी सत्र के लिए अबू धाबी में नीलामी होगी। रसेल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि आईपीएल से संन्यास ले रहा हूं... लेकिन मेरा आक्रामक अंदाज वैसा ही रहेगा। आईपीएल में पिछले 12 साल का सफर शानदार रहा। केकेआर परिवार को ढेर सारा प्यार। उन्होंने कहा कि सबसे अच्छी बात यह है कि मैं दुनिया भर की अन्य लीग में छक्के जड़ता और विकेट लेता रहूंगा। मैं अपना घर (केकेआर) नहीं छोड़ रहा हूं और आप मुझे एक नई भूमिका में केकेआर के सपोर्ट स्टाफ में 2026 के पावर कोच के रूप में देखेंगे। नया अध्याय। वही ऊर्जा। हमेशा के लिए 'नाइट'।'' सपोर्ट स्टाफ में शामिल होकर रसेल ने कैरेबियाई टीम के एक और दिग्गज टी20 क्रिकेटर कीरोन पोलार्ड के नक्शेकदम पर चलना शुरू कर दिया।



पोलार्ड मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच के रूप में काम किया है। पोलार्ड इससे पहले लंबे समय तक खिलाड़ी के तौर पर मुंबई टीम का हिस्सा रहे हैं। रसेल ने मीडिया में जारी बयान में कहाकिमैंने आईपीएल से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं अभी भी दुनिया भर की विभिन्न लीगों और केकेआर की अन्य सभी फ्रेंचाइजी के लिए सक्रिय रूप से खेलता रहूंगा। मैंने (आईपीएल में) कुछ शानदार पल और बेहतरीन यादें साझा कीं, छक्के जड़े, मैच जीते, एमवीपी हासिल किए। उन्होंने कहा कि जब मैंने यह फैसला लिया, तो मुझे लगा कि इस समय यह सबसे अच्छा फैसला था। मैं अपने पीछे एक विरासत छोड़ना चाहता हूं कि प्रशंसक संन्यास क्यों नहीं ले रहे कि जगह संन्यास अभी क्यों ले रहे जैसे सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि जब आप सोशल मीडिया पर होते हैं, तो आप खुद को अलग-अलग टीमों की जर्सी में फोटोशॉप की हुई तस्वीरों में देखते रहते हैं। मुझे खुद को बैंगनी और सुनहरे रंग (केकेआर की जर्सी) के अलावा किसी और रंग में देखकर अजीब लगता था और ये विचार मेरे दिमाग में घूमते रहते थे, जिससे मैं कुछ रातों तक सो नहीं पाया।

रसेल ने कहा कि मेरे आईपीएल सफर के एक और अध्याय के बारे में मेरे और वेंकी मैसूर और शाहरुख खान के बीच काफी बातचीत हुई है। उन्होंने मुझे प्यार और सम्मान दिया है और मैदान पर मेरे काम की सराहना की है। एक परिचित प्रणाली में होना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। उन्होंने कहा, ''जब मैंने 'पावर कोच' नाम सुना, तो मुझे लगा कि यह आंद्रे रसेल का सबसे अच्छा वर्णन करता है, क्योंकि जब मैं बल्लेबाजी करता हूं तो मैं अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करता हूं गेंद से भी प्रभावी प्रदर्शन करते रहा हूं ऐसे में मैं किसी भी विभाग में मदद कर सकता हूं।

रसेल 2012 से आईपीएल का एक भी सत्र नहीं छोड़ा है। उन्होंने अपनी शुरुआती दो सत्र में दिल्ली की फ्रेंचाइजी (तब दिल्ली डेयरडेविल्स) का प्रतिनिधित्व करने के बाद 2014 से केकेआर के साथ है। अपने बल्ले और गेंद से मैच का रूख किसी भी समय मोड़ने की क्षमता रखने वाले शमी के नाम 140 मैचों में 174.18 की स्ट्राइक रेट से 2651 रन बनाये है। उन्होंने 123 विकेट लिये है। रसेल से एक दिन पहले 41 वर्षीय फाफ डु प्लेसिस ने घोषणा की थी कि वह इस साल के आईपीएल सत्र में हिस्सा नहीं लेंगे क्योंकि वह किसी अन्य लीग में खेलेंगे।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण 96,201 करोड़ रुपये बढ़ा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 96,200.95 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे ज्यादा फायदा रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फाइनेंस को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 474.75 अंक या 0.55 प्रतिशत चढ़ा। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 86,055.86 अंक के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया।

शीर्ष 10 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। वहीं भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार मूल्यांकन घट गया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत



28,282.86 करोड़ रुपये बढ़कर 21,20,335.47 करोड़ रुपये हो गई। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 20,347.52 करोड़ रुपये बढ़कर 6,45,676.11 करोड़ रुपये रहा। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 13,611.11 करोड़ रुपये बढ़कर 15,48,743.67 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 13,599.62 करोड़ रुपये बढ़कर 9,92,725.97 करोड़ रुपये रहा। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 7,671.41 करोड़ रुपये बढ़कर 5,79,644.16 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 6,415.28 करोड़ रुपये बढ़कर 9,04,185.15 करोड़ रुपये हो गई। इन्फोसिस का मूल्यांकन 6,273.15 करोड़ रुपये बढ़कर 6,47,961.98 करोड़ रुपये रहा।

इस रुख के उलट भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 35,239.01 करोड़ रुपये घटकर 11,98,040.84 करोड़ रुपये रह गया। एलआईसी का मूल्यांकन 4,996.75 करोड़ रुपये घटकर 5,65,581.29 करोड़ रुपये और टीसीएस का पूंजीकरण 3,762.81 करोड़ रुपये घटकर 11,35,952.85 करोड़ रुपये पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

## एफपीआई ने नवंबर में भारतीय शेयर बाजार से 3,765 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) भारतीय शेयर बाजार में फिर बिकवाल बन गए है। अक्टूबर में थोड़े ठहराव के बाद विदेशी निवेशकों ने नवंबर में भारतीय शेयरों से शुरू रूप से 3,765 करोड़ रुपये निकाले हैं। ऐसा वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की क्षमता में कमी, वैश्विक स्तर पर प्रौद्योगिकी शेयरों में उतार-चढ़ाव और प्राथमिक बाजार को प्राथमिकता देने की वजह से हुआ है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले अक्टूबर में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में14,610 करोड़ रुपये डाले थे। वहीं सितंबर में उन्होंने 23,885 करोड़ रुपये, अगस्त में 34,990 करोड़ रुपये और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपये की निकासी की थी। नवंबर में एफपीआई की निकासी में वैश्विक और घरेलू कारकों दोनों की भूमिका रही। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के प्रमुख, प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, ''वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर कटौती के रुख को लेकर अनिश्चितता, डॉलर में मजबूती, उभरते बाजारों में जोखिम लेने की श्रमता कमजोर होने से विदेशी निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से भी एफपीआई की धारणा प्रभावित हुई।'' एंजेल वन के वरिष्ठ बुनियादी विश्लेषक वकारजावेद खान ने कहा कि नवंबर में निकासी की मुख्य वजह वैश्विक स्तर पर जोखिम से बचने की धारणा, प्रौद्योगिकी शेयरों में उतार-चढ़ाव रही है। इसके अलावा उपभोक्ता सेवाएं और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के शेयर भी इससे प्रभावित हुए। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार का मानना है कि एफपीआई प्रवाह में रुख में बदलाव का अभी कोई साफ सबूत नहीं है। उन्होंने कहा कि एफपीआई कुछ दिन खरीदार थे और कुछ दिन बिकवाल। यह एक संकेत है कि हालात बदलने पर उनके प्रवाह का रुख बदल सकता है। वर्ष 2025 में अब तक, एफपीआई ने शेयरों से 1.43 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा निकाले हैं। इस बीच, ऋण या बॉन्ड बाजार में एफपीआई ने सामान्य सीमा के तहत 8,114 करोड़ रुपये निवेश किए हैं। वहीं इसी अवधि के दौरान उन्होंने स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग से 5,053 करोड़ रुपये निकाले हैं।

## भारतीय एयलाइन कंपनियों ने ए320 बेड़े के 323 विमानों के लिए सॉफ्टवेयर अपग्रेड पूरा किया



**नई दिल्ली।** भारतीय एयरलाइन कंपनियों ने उड़ान नियंत्रण से संबंधित संभावित मुद्दे के समाधान के लिए ए320 बेड़े के परिचालनरत 323 विमानों पर सॉफ्टवेयर अपग्रेड का काम पूरा कर लिया है। विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने रविवार को यह जानकारी दी।

एयरबस ने शुक्रवार को कहा था कि तीव्र सौर विकिरण की वजह से ए320 श्रेणी के काफी विमानों में उड़ान नियंत्र के लिए जरूरी डेटा खराब हो सकता है और इस समस्या को ठीक करने के लिए सॉफ्टवेयर अपडेट करने के दौरान परिचालन में बाधा आएगी। इंडिगो, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के ए320 बेड़े के कुल 338 विमानों को सॉफ्टवेयर अपग्रेड (अद्यतन) के लिए शुरू में चिन्हित किया गया था।

डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, इनमें से 323 विमान परिचालनर में थे, छह बेस मेंटेनेंस में थे तथा बाद में पता चला कि एयर इंडिया के बेड़े में मौजूद नौ विमानों को इस अपग्रेड की आवश्यकता नहीं है। इंडिगो ने ए320 बेड़े के अपने सभी 200 विमानों पर अपग्रेड पूरा कर लिया है। एयर इंडिया के 113 प्रभावित विमानों में से 100 परिचालनर वाले विमानों पर अपग्रेड किया जा चुका है, जबकि चार बेस मेंटेनेंस में हैं और नौ विमानों को अपग्रेड की जरूरत नहीं पड़ी। एयर इंडिया एक्सप्रेस के ए320 बेड़े के अपने 23 विमानों पर अपग्रेड हो चुका है।

## दो माह में दो दर्जन कंपनियां आईपीओ लाने की तैयारी में, 40,000 करोड़ रुपये जुटाएंगी

**नई दिल्ली।** कंपनियों के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का आकर्षण तेजी पकड़ रहा है। मर्चेंट बैंकरों का कहना है कि अगले दो माह के दौरान आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी, मीशो और जुनिपर ग्रीन एनर्जी समेत दो दर्जन और कंपनियां अपना सार्वजनिक निर्गम लाने की तैयारी कर रही हैं।

इन आईपीओ के जरिये करीब 40,000 करोड़ रुपये जुटाए जा सकते हैं। इस मजबूत पाइपलाइन में कृत्रिम मेधा (एआई) कंपनी फ्रैक्टल एनालिटिक्स, होम और स्लीप समाधान ब्रांड वेकफिट इनोवेशंस, प्रौद्योगिकी आधारित सुरक्षा और निगरानी कंपनी इनोवेटिवव्यू इंडिया और हॉस्पिटल श्रृंखला पार्क मेडी वर्ल्ड जैसे बड़े नाम शामिल हैं। यह स्थिति न केवल कंपनियों के भरोसे को दर्शाती है बल्कि निवेशकों की सूचीबद्धता के दिन के लाभ के साथ दीर्घावधि की संभावना को लेकर विश्वास को भी दर्शाती है। खास बात यह है आगामी सप्ताहों में बड़ी, मझोली और छोटी सभी आकार की कंपनियां आईपीओ लाने की तैयारी कर रही हैं।

विशेषज्ञ इस रफ्तार का श्रेय बढ़ती खुदरा भागीदारी और घरेलू स्तर पर बढ़ते प्रवाह को देते हैं। इस साल अब तक 96 कंपनियां शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुई हैं। इन कंपनियों ने आईपीओ से 1.6 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। इनमें से 40 से ज़्यादा कंपनियां अकेले पिछले तीन महीने में सूचीबद्ध हुई हैं, जो प्राथमिक बाजार में बढ़ती गतिविधियों को दर्शाता है। इसकी तुलना में, 2024 में 91 सार्वजनिक निर्गम के जरिये कुल 1.6 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए थे।

इसे मजबूत खुदरा भागीदारी, निजी निवेश और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था से समर्थन मिला था। आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स के प्रमुख – प्रेफर्ड, थॉमस स्टीफन ने कहा कि दिसंबर में कई आईपीओ आने वाले हैं। इससे 2025 में सार्वजनिक निर्गम के जरिये जुटाई गई राशि का आंकड़ा दो लाख करोड़ रुपये पर पहुंच सकता है, जो भारतीय प्राथमिक बाजार के लिए नया रिकॉर्ड होगा।

## डालमिया सीमेंट (भारत) को 266.3 करोड़ रुपये के कर का नोटिस

**नई दिल्ली।** डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड (डीसीबीएल) को बिक्री कर कार्यालय से कुल 266.3 करोड़ रुपये के दो कारण बताओ नोटिस मिले हैं। डीसीबीएल, डालमिया भारत की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है। डालमिया भारत ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि ये नोटिस सेंट्रल जीएसटी/तमिलनाडु जीएसटी कानून 2017 की धारा 74 के तहत आकलन वर्ष 2019-20 और आकलन वर्ष 2022-23 के लिए, संबंधित बिक्री कर अधिकारी लालगुडी, तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु द्वारा जारी किए गए हैं। आकलन वर्ष 2019-20 के लिए, अधिकारियों ने 128.39 करोड़ रुपये का कर और




19.25 करोड़ रुपये की जुर्माना मांगा है। वहीं 2022-23 के लिए कारण बताओ नोटिस में 59.32 करोड़ रुपये का कर और इतने ही जुर्माने की मांग की गई है। कंपनी ने कहा कि यह आकलन वर्ष 2019-20 और 2022-23 के लिए कर योग्य कारोबार और आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) में मिले कुछ अंतर से जुड़ा है। कंपनी ने कहा कि उसे ये आदेश 28 नवंबर, 2025 को मिले हैं।

## एसबीआई की कॉरपोरेट ऋण वृद्धि दो अंक में रहेगी : चेयरमैन सी एस शेट्टी

**नई दिल्ली।** आर्थिक गतिविधियों में सुधार के साथ भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को कॉरपोरेट ऋण की मांग में तेजी आने की उम्मीद है। एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा है कि बैंक को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष की शेष दो तिमाहियों में कॉरपोरेट या कंपनियों को कर्ज के खंड में दो अंकीय वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि जहां तक कॉरपोरेट ऋण के लिए पाइपलाइन की बात है, उन्होंने कहा कि बैंक के पास एक मजबूत पाइपलाइन है। हमारे पास लगभग सात लाख करोड़ रुपये के मंजूर ऋण हैं, जिसमें बिना इस्तेमाल की गई कार्यशील पूंजी सीमा और मियादी ऋण शामिल हैं जो अभी



वितरण की प्रक्रिया में हैं। शेट्टी ने कहा कि इसके अलावा, इसमें कई परियोजना कर्ज भी शामिल हैं जिन पर अभी बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि इसलिए कॉरपोरेट कर्ज जो पिछले कुछ समय से पिछड़ रहा था, दूसरी तिमाही में इसमें 7.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शेष दो तिमाहियों में हम कॉरपोरेट ऋण में निचले दो अंक की वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। देश के सबसे बड़े ऋणदाता के चेयरमैन ने कहा कि आर्थिक गतिविधियों में सुधार से कार्यशील पूंजी का इस्तेमाल बढ़ रहा है, जो हर तिमाही के साथ और मजबूत होता जा रहा है। मियादी ऋण के बारे में उन्होंने कहा, जो पहले से मंजूर हैं और वितरण की प्रक्रिया में है अब उन्हें लिया जा रहा है। इसके अलावा तीसरी श्रेणी वह है जहां परियोजनाओं पर बातचीत चल रही है। एसबीआई चेयरमैन ने यह भी कहा कि बैंक को ऋण वृद्धि बढ़ाने और पांच-छह साल में 15 प्रतिशत का पूंजी पर्याप्तता अनुपात बनाए रखने के लिए इक्विटी पूंजी की शायद जरूरत न पड़े। उन्होंने कहा, ''इस क्यूआईपी के आने से पहले भी, ऋण वृद्धि को वित्तपोषित करने की हमारी क्षमता कभी कोई समस्या नहीं रही।



# भाग्यश्री ने नया फिटनेस चैलेंज देकर लोगों को चौंकाया



**मुंबई।** 56 साल की उम्र में भी अभिनेत्री भाग्यश्री का ग्लो और एनर्जी किसी युवा अभिनेत्री से कम नहीं है। भाग्यश्री सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं और फैंस को समय-समय पर फिट रहने के लिए प्रेरित करती रहती हैं। फिल्म 'मैंने प्यार किया' से अपनी मासूम अदाओं और सादगी भरे अभिनय से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली अभिनेत्री भाग्यश्री आज भी अपनी खूबसूरती और फिटनेस के लिए चर्चा में रहती हैं। इसी कड़ी में उन्होंने हाल ही में एक नया फिटनेस चैलेंज देकर लोगों को चौंका दिया है। भाग्यश्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह जिम में ड्रिल एक्सरसाइज करती हुई नजर आती हैं। वीडियो में वह अपने फॉलोवर्स को चैलेंज देती हैं और कहती हैं "चलिए देखते हैं कि आप कितने फुर्तीले हैं।" वीडियो में भाग्यश्री दो अलग-अलग ड्रिल एक्सरसाइज करती हैं, जिसमें उन्हें कुल 7 सेकंड का समय लगता है। उनकी तेज गति और बेहतरीन कॉन्सन्ट्रेशन देखकर फैंस दंग रह गए और कमेंट सेक्शन में उनकी तारीफों की बौछार कर दी। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा "इसकी प्रैक्टिस से चपलता, गतिशीलता और ध्यान का परीक्षण किया जाएगा। मुझे हर एक्सरसाइज को करने में 7 सेकंड लगे। इसे आजमाएं और बताएं कि आपको कितना समय लगा। इसे रोजाना करें और अपनी गति बेहतर करने के लिए खुद से प्रतिस्पर्धा करें।" भाग्यश्री का यह फिटनेस चैलेंज तेजी से वायरल हो रहा है और कई यूज़र्स इसे आज़माने की बात कह रहे हैं। वीडियो में साफ दिखाई देता है कि 56 की उम्र में भी उनकी फुर्ती और फिटनेस युवा खिलाड़ियों जैसी है। इससे यह भी साबित होता है कि नियमित अभ्यास और अनुशासन से किसी भी उम्र में फिट रहा जा सकता है। ड्रिल एक्सरसाइज को स्किल-बेस्ड ट्रेनिंग माना जाता है, जो शरीर की फुर्ती, संतुलन, गति और समन्वय क्षमता को बढ़ाती है। ह एक्सरसाइज खिलाड़ियों और धावकों के लिए खासतौर पर लाभकारी मानी जाती है, लेकिन अब आम लोग भी इसे अपनी दिनचर्या में शामिल कर रहे हैं। यह न केवल शरीर को लचीला बनाती है, बल्कि दिल और दिमाग की सेहत भी बेहतर करती है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि प्रतिदिन 15 मिनट ड्रिल एक्सरसाइज की जाए तो यह शरीर में हार्मोनल बैलेंस बनाने, तनाव कम करने, मूड हल्का करने और दिल की बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करती है।

# 'लोग क्या कहेंगे' की कहानी में भावनाओं और यादों का चित्रण : गिरिजा ओक



**मुंबई।** अभिनेता पंकज त्रिपाठी और मोहित छाबड़ा एक नई वेब सीरीज 'परफेक्ट फैमिली' के साथ आ रहे हैं। इस सीरीज में अभिनेत्री गिरिजा ओक अहम भूमिका निभा रही हैं, और हाल ही में जारी प्रोमो में वह नीति करकारिया के रूप में नजर आईं। वेबसीरीज के इस प्रोमो से स्पष्ट है कि यह कहानी केवल पारिवारिक ड्रामा नहीं है, बल्कि उन भावनाओं और यादों का चित्रण है, जिन्हें हम बड़े होने पर समझ पाते हैं। मनोज पाहवा, सीमा पाहवा, गुलशन देवैया और नेहा धूपिया जैसे अनुभवी कलाकार इसमें शामिल हैं, जिससे कहानी और भी मजबूत बनती है। गिरिजा ओक ने अपने किरदार और शो के विषय पर बात करते हुए कहा कि बचपन का ट्रॉमा अपने भीतर गहरे असर छोड़ता है। बच्चे को उस समय यह अहसास भी नहीं होता कि वह किसी भारी भावनात्मक बोझ से गुजर रहा है, वह केवल परिस्थितियों से तालमेल बैठाने की कोशिश कर रहा होता है। उन्होंने कहा कि माता-पिता हमेशा अपने बच्चों के लिए अच्छा ही चाहते हैं, लेकिन कई बार 'लोग क्या कहेंगे' वाली सोच उन्हें सही निर्णय लेने से रोक देती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर माता-पिता समाज के दबाव से ऊपर उठकर सोचें तो वे बेहतर समझ पाएंगे कि उनके बच्चे के लिए वास्तव में क्या जरूरी है। बच्चों की भावनाओं को समझना और उनके लिए सही फैसले लेना बड़ों की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। गिरिजा का मानना है कि आज के समय में माता-पिता पहले की तुलना में अधिक जागरूक और भावनात्मक रूप से संवेदनशील हो गए हैं। इसी कारण भविष्य में कम लोगों को बचपन के परेशान करने वाले अनुभवों के लिए थेरेपी की जरूरत पड़ सकती है। उन्होंने बताया कि इस सीरीज की स्क्रिप्ट ने उन्हें पहली ही पढ़त में अपनी ओर खींच लिया। उन्हें ऐसा महसूस हुआ मानो वे किसी रोचक कहानी की किताब पढ़ रही हों और हर एपिसोड पिछले से गहरी भावनाओं को छूता हो। सीरीज की शूटिंग के अनुभव को साझा करते हुए गिरिजा ने बताया कि जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ी, क्रू भी एक परिवार जैसा हो गया। सेट पर मौजूद दोस्ताना माहौल, मजाक और सहज बातचीत ने पूरी प्रक्रिया को आनंदमय बना दिया। इस वजह से भावनात्मक दृश्यों को निभाना भी आसान हो गया।

# बॉक्स ऑफिस पर फिल्म 'तेरे इश्क में' का जलवा जारी



धनुष और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'तेरे इश्क में' ने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त धमाका कर दिया है। पहले दिन शानदार शुरुआत करने वाली यह फिल्म दूसरे दिन भी अपने उफान पर बनी रही। सिनेमाघरों में दर्शकों की भीड़ लगातार बढ़ती दिखी और इसकी मजबूत पकड़ ने साफ कर दिया कि यह फिल्म दर्शकों के दिलों में जगह बना चुकी है। रोमांस और इमोशन से भरी इस म्यूज़िकल लव स्टोरी ने रिलीज होते ही तहलका मचा दिया है।

## 2 दिनों में कलेक्शन ने पार किया 30 करोड़ का आंकड़ा

बॉक्स ऑफिस ट्रैकिंग वेबसाइट सैकनिल्क के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार फिल्म ने पहले दिन 16 करोड़ की शानदार कमाई की थी। वहीं दूसरे दिन भी इसकी रफ्तार कम नहीं हुई और इसने 17 करोड़ रुपये अपने खाते में जोड़ लिए। इस तरह सिर्फ 2 दिनों में 'तेरे इश्क में' का कुल कलेक्शन 33 करोड़ रुपये पहुंच गया है, जो इस जॉनर की फिल्मों के लिए काफी बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

## फिल्म की कहानी

फिल्म में धनुष ने शंकर का किरदार निभाया है, एक ऐसा युवक जो गुस्सैल, जिद्दी और बेपरवाह है। मगर उसकी जिंदगी तब करवट लेती है, जब उसे कॉलेज में पढ़ने वाली मुक्ति (कृति सैनन) से प्यार हो जाता है। शंकर का एकतरफा इश्क फिल्म की रीढ़ है और इसका असर अब सोशल मीडिया पर भी दिखाई दे रहा है। फैंस लगातार शंकर के डायलॉग, लुक और इमोशंस को शेयर कर रहे हैं। फिल्म में शंकर और मुक्ति की जोड़ी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। कृति सैनन ने अपने किरदार मुक्ति में मासूमियत और दृढ़ता दोनों का मेल दिखाया है, वहीं धनुष ने एकतरफा प्रेम में डूबे आशिक की भूमिका निभाकर फिर से अपनी दमदार एक्टिंग का प्रमाण दिया है। उनका यह रूप कई प्रशंसकों को उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'रांझणा' के किरदार से भी जोड़ रहा है।

# विदेश

## संक्षिप्त खबरें

### कतर के अनुरोध पर पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रद्द की: डार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इसहाक डार ने शनिवार को कहा कि पिछले महीने कतर के अनुरोध पर पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ संभावित सैन्य कार्रवाई रद्द कर दी थी। डार एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे जहां उन्होंने काबुल से पाकिस्तान की चिंताओं और अपेक्षाओं के बारे में विस्तार से बात की। डार ने पिछले महीने काबुल के साथ तनाव का जिक्र करते हुए कहा, "कतर के विदेश मंत्रालय को पता चला कि हम (अफगानिस्तान के खिलाफ) कार्रवाई करने की ओर बढ़ रहे हैं। तब कतर ने समस्या के समाधान और मध्यस्थता का अनुरोध किया, जिसके बाद उस रात होने वाला अभियान रोक दिया गया।" उन्होंने कहा कि मध्यस्थता से कुछ नहीं निकल सकता और कतर इस बात से खुश नहीं है कि उसकी मध्यस्थता की कोशिशें विफल रहीं। डार ने कहा, "किसी मित्र देश के बारे में बात करना उचित नहीं है, लेकिन वे (कतर) अब इस बात से नाराज हैं कि उन्होंने मध्यस्थता करवाई और कोई नतीजा नहीं निकल सका।" उन्होंने अफगान तालिबान से अपनी नीति पर पुनर्विचार करने का भी आग्रह किया क्योंकि अब वे ही सत्ता में हैं। उन्होंने कहा, "अफगान तालिबान को अपनी नीति पर पुनर्विचार करना होगा क्योंकि वे सत्ता में हैं। हम उनसे कुछ नहीं चाहते; हम कुछ भी करने को तैयार हैं, लेकिन जब से उनकी सरकार सत्ता में आई है, हमारे 4,000 अधिकारी और सैनिक मारे गए हैं और 20,000 से अधिक घायल हुए हैं।

### सुमात्रा में भीषण बाढ़ के बीच भोजन सामग्री और पानी के लिए लूटपाट

**मेदान।** इंडोनेशिया में भीषण बाढ़ से प्रभावित सुमात्रा द्वीप के कुछ लोगों ने जीवित रहने के लिए भोजन सामग्री और पानी की तलाश में लूटपाट की। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इंडोनेशिया में लगभग एक सप्ताह पहले आई बाढ़ में अब तक 303 लोगों की मौत हो चुकी है, यह संख्या बढ़ने की आशंका है। बाढ़ के कारण हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। सुमात्रा में बाढ़ के कारण भूस्खलन हुआ, सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं, द्वीप के कुछ हिस्से कट गए तथा संचार लाइनें टूट गईं। चुनौतीपूर्ण हालात और साजो सामान की कमी ने भी बचाव कार्यों में बाधा डाली है। उत्तरी सुमात्रा के सबसे अधिक प्रभावित शहर सिबोल्गा और मध्य तपनौली जिले तक सहायता पहुंचने में देरी हुई है। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में लोगों को भोजन, दवाइयां और गैस हासिल करने के लिए अवरोधकों, पानी से भरी सड़कों और टूटे हुए कांच को पार करते हुए देखा जा सकता है।

# कैलिफोर्निया के स्टॉकटन में गोलीबारी में 4 लोगों की मौत



**कैलिफोर्निया।** अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया के सेंट्रल वैली के स्टॉकटन शहर में रविवार शाम जन्मदिन समारोह में हुई गोलीबारी में 4 लोगों की मौत हो गई। घटना में कम से कम 10 अन्य लोगों को गोली है। यह वारदात स्टॉकटन से करीब छह मील उत्तर में ल्यूसिल एवेन्यू के पास शाम करीब छह बजे हुई। सीएनएन और सीबीएस न्यूज चैनल की रिपोर्ट में पुलिस और सैन जोकिन काउंटी शेरिफ ऑफिस के हवाले से घटना की जानकारी दी गई। पुलिस और शेरिफ ऑफिस का कहना है कि संदिग्ध फरार है। शेरिफ ऑफिस की प्रवक्ता हीथर ब्रेंट ने बताया कि गोलीबारी ल्यूसिल एवेन्यू के पास डेयरी क्वीन के पीछे एक बैंक्वेट हॉल में हुई। बैंक्वेट हॉल में पारिवारिक समारोह चल रहा था। गोली लगने से घायल सभी लोगों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा, "शुरुआती संकेतों से पता चलता है कि घात लगाकर गोलीबारी की गई। इस समय जानकारी बहुत ही सीमित है।" उन्होंने कहा कि शेरिफ ऑफिस जांच कर रहा है। स्टॉकटन के वाइस मेयर जेसन ली ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, गोलीबारी एक बच्चे की जन्मदिन पार्टी में हुई। इसमें परिवार और अन्य कुछ करीबी मित्र शामिल थे। ब्रेंट ने कहा कि अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# नेशनल गार्ड के सदस्यों पर गोलीबारी के बाद अमेरिका ने शरण देने संबंधी सभी फैसलों पर रोक लगाई



**वाशिंगटन।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने शरण देने संबंधी सभी फैसलों पर और अफगान पासपोर्ट पर यात्रा करने वाले लोगों को वीजा देने पर रोक लगा दिया है। वॉशिंगटन में गोलीबारी में नेशनल गार्ड के जवान की मौत की घटना के बाद प्रशासन ने वैध आव्रजन को नियंत्रित करने के प्रयासों को और तेज कर दिया है। 'व्हाइट हाउस' (अमेरिकी राष्ट्रपति का आवास एवं कार्यालय) के पास बुधवार को हुई गोलीबारी की घटना में वेस्ट वर्जीनिया नेशनल गार्ड की स्पेशलिस्ट सारा बेकस्ट्रॉम (20) की मौत हो गई थी और स्टाफ सार्जेंट एंड्रयू वोल्फ (24) गंभीर रूप से घायल हो गए थे। संदिग्ध रहमानुल्लाह लकनवाल 29 साल का अफगान नागरिक है जिस पर प्रथम-डिग्री हत्या सहित कई आरोप लगाए गए हैं। जांच अधिकारी इस हमले की मंशा का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिका में सेना की मदद करने वाले अफगानों को बसाने में मदद करने वाले एक समूह ने बताया कि लकनवाल ने अफगानिस्तान युद्ध के दौरान सीआईए के साथ काम किया था। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन के दौरान शरण के लिए आवेदन किया था और इस साल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने उन्हें शरण की मंजूरी दी थी। रिपब्लिकन प्रशासन ने कुछ गरीब देशों से नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश को रोकने और देश में पहले से मौजूद अफगानों तथा अन्य वैध प्रवासियों की समीक्षा करने का वादा किया है।

# श्रीलंका : राजधानी कोलंबो के पूर्वी उपनगरों में बाढ़ की चेतावनी जारी





**कोलंबो।** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो के अधिकांश पूर्वी उपनगरों में रविवार सुबह बाढ़ की चेतावनी जारी की गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि देश विनाशकारी बाढ़, भूस्खलन और चक्रवात दित्वा से हुई भारी तबाही से जूझ रहा है। कोलंबो जिला सचिव प्रसन्ना गिनिगे ने कहा कि केलानी नदी का जलस्तर खतरनाक स्तर तक पहुंचने के कारण अलर्ट जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि खतरे वाले क्षेत्रों के स्कूलों को बाढ़ से विस्थापित लोगों के लिए राहत केंद्रों के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। लोगों को घर खाली करने की चेतावनी दी गई है।

हालांकि, अधिकारियों ने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि लोग चेतावनियों पर ध्यान देने में स्पष्ट रूप से आनाकानी कर रहे हैं। केलानी नदी ऊपरी मध्य पहाड़ी क्षेत्रों से आने वाले जल प्रवाह से अभी भी जलमग्न है, जहां चक्रवात दित्वा से भारी तबाही हुई थी। मौसम विभाग के महानिदेशक अथुला करुणानायके ने बताया कि आज सुबह आठ बजे चक्रवात दित्वा को श्रीलंका के उत्तरी जाफना से 150 किलोमीटर दूर तमिलनाडु तट पर प्रवेश करते देखा गया।

उन्होंने कहा कि देश में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होगी, लेकिन निकट भविष्य में द्वीप पर कोई प्रतिकूल मौसम की स्थिति नहीं होगी। राष्ट्रीय आपदा राहत केंद्र के सहायक सचिव जयतिस्सा मुनसिंघे ने कहा कि बाढ़ और भूस्खलन के कारण 2,34,503 परिवारों के 8,33,985 लोग प्रभावित हुए हैं। मुनसिंघे ने कहा, "हम लोगों को आवास प्रदान करने और उन्हें राहत प्रदान करने के लिए 919 केंद्र संचालित कर रहे हैं। इनमें 34,198 परिवारों के 1,22,822 लोग रह रहे हैं।"